Say "No" to Pass Books

RCSCE राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्
स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार
सत्यमेव जयते

पाठ्य पुस्तकों के अध्ययन के आधार पर

प्रश्न बैंक

Question Bank

कक्षा – 10

सामाजिक विज्ञान



राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर (राजस्थान)

मुख्य संरक्षक

श्रीमान मदन दिलावर

कैबीनेट मंत्री, स्कूल शिक्षा, संस्कृत शिक्षा एवं पंचायती राज (राजस्थान सरकार)

संरक्षक

श्री नवीन जैन (आईएएस)

सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर

अविचल चतुर्वेदी (आईएएस)
राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर

श्री आशीष मोदी (आईएएस)
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
बीकानेर, राजस्थान

मुख्य मार्गदर्शक

डॉ. अनिल कुमार पालीवाल
अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर

ज्योति ककवानी
अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर

संयोजक एवं मार्गदर्शक

श्रीमती उर्मिला चौधरी
उपनिदेशक, गुणवत्ता एवं प्रशिक्षण
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर

सहयोगकर्ता

रमेश चंद मान
सहायक निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर

लेखन

फूलचन्द बुनकर
वरिष्ठ अध्यापक, रा.उ.मा.वि. करवास, कोटपूतली (राज.)

विषय सूची

1. भारत और समकालीन विश्व

इतिहास .....

पाठ–1 यूरोप में राष्ट्रवाद का उदय

पाठ–2 भारत में राष्ट्रवाद

पाठ–3 भूमण्डलीकृत विश्व का बनना

पाठ–4 औद्योगीकरण का युग

पाठ–5 मुद्रण संस्कृति और आधुनिक दुनिया

2. समकालीन भारत

भूगोल .....

पाठ–1 संसाधन और विकास

पाठ–2 वन और वन्य जीव संरक्षण

पाठ–3 जल संसाधन

पाठ–4 कृषि

पाठ–5 खनिज और ऊर्जा संसाधन

पाठ–6 विनिर्माण उद्योग

पाठ–7 राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएँ

3. लोकतांत्रिक राजनीति

राजनीति विज्ञान .....

पाठ–1 सत्ता की साझेदारी

पाठ–2 संघवाद

पाठ–3 जाति धर्म और लैंगिक मसले

पाठ–4 राजनीतिक दल

पाठ–5 लोकतंत्र के परिणाम

4. आर्थिक विकास की समझ

पाठ–1 विकास

पाठ–2 भारतीय अर्थव्यवस्था के क्षेत्रक

पाठ–3 मुद्रा और साख

पाठ–4 वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

पाठ–5 उपभोक्ता अधिकार

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर

कक्षा – 10

सामाजिक विज्ञान

इस विषय का परीक्षा योजना निम्नानुसार है –				
प्रश्नपत्र समय (घंटे)	प्रश्न पत्र के लिये अंक 80	सत्रांक 20	योग 100	पूर्णांक

क्र.सं.	अध्याय	अंक
1	भारत और समकालीन विश्व–2	20
2	समकालीन भारत–2	20
3	लोकतांत्रिक राजनीति–2	20
4	आर्थिक विकास की समझ	20
	योग	80

पुस्तक – भारत और समकालीन विश्व–

अध्याय–1	यूरोप में राष्ट्रवाद का उदय	4 अंक
अध्याय–2	भारत में राष्ट्रवाद	4 अंक
अध्याय–3	भूमण्डलीकृत विश्व का बनना	4 अंक
अध्याय–4	औद्योगीकरण का युग	4 अंक
अध्याय–5	मुद्रण संस्कृति और आधुनिक दुनिया	4 अंक

पुस्तक – समकालीन भारत–2 (भूगोल)

अध्याय–1	संसाधन और विकास	3 अंक
अध्याय–2	वन और वन्य जीव संरक्षण	2 अंक
अध्याय–3	जल संसाधन	3 अंक
अध्याय–4	कृषि	3 अंक
अध्याय–5	खनिज और ऊर्जा संसाधन	4 अंक

अध्याय–6	विनिर्माण उद्योग	2 अंक
अध्याय–7	राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएँ	3 अंक

पुस्तक – लोकतांत्रिक राजनीति (राजनीति विज्ञान)

अध्याय–1	सत्ता की साझेदारी	4 अंक
अध्याय–2	संघवाद	4 अंक
अध्याय–3	जाति धर्म और लैंगिक मसले	4 अंक
अध्याय–4	राजनीतिक दल	5 अंक
अध्याय–5	लोकतंत्र के परिणाम	3 अंक

पुस्तक – आर्थिक विकास की समझ (अर्थशास्त्र)

अध्याय–1	विकास	3 अंक
अध्याय–2	भारतीय अर्थव्यवस्था के क्षैत्रक	5 अंक
अध्याय–3	मुद्रा और साख	5 अंक
अध्याय–4	वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था	5 अंक
अध्याय–5	उपभोक्ता अधिकार	2 अंक

अध्याय–1

यूरोप में राष्ट्रवाद

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. फ्रांस की क्रांति कब हुई?

   (अ) 1769 (ब) 1779 (स) 1789 (द) 1799 ( )

2. ''नेपोलियन की संहिता'' का निर्माण हुआ –

   (अ) 1788 (ब) 1816 (स) 1804 (द) 1806 ( )

3. ''यंग इटली'' की स्थापना किसने की?

   (अ) मैटरनिख (ब) ज्यूसेपेमेत्सिनी (स) नेपोलियन (द) काबूर ( )

4. वियना संधि कब हुई?

   (अ) 1816 (ब) 1815 (स) 1819 (द) 1817 ( )

5. फ्रांस के प्रथम पहला शासक कौन थें?

   (अ) लुई चोदहवाँ (ब) नेपोलियन (स) लुई सोलहवाँ (द) मेटरनिख ( )

6. यूनानियों का आजादी के लिये संघर्ष कब प्रारंभ हुआ?

   (अ) 1810 (ब) 1821 (स) 1834 (द) 1839 ( )

7. काबूर कौन था?

   (अ) सर्डीनिया–पीडमांट का प्रधानमंत्री (ब) वियना का प्रधानमंत्री

   (स) इंग्लैण्ड का प्रधानमंत्री (द) ऑस्ट्रिया का प्रधानमंत्री ( )

   वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर :– 1. स, 2. स, 3. ब, 4. ब, 5. स, 6. ब, 7. अ

<u>रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –</u>

8. ..... के एकीकरण में बिस्मार्क की महत्वपूर्ण भूमिका थी। (जर्मनी)

<u>अति लघुत्तरात्मक प्रश्न–</u>

1. क्रांति के बाद इस्टेट जनरल का नाम बदलकर क्या किया गया?
2. फ्रांसीसी लोगों का अंतिम राजा कौन थें?
3. फ्रेंकफर्ट संसद का आयोजन कहाँ पर हुआ?
4. जर्मनी के एकीकरण के जनक कौन थें?
5. जर्मनी महासंघ की स्थापना कब हुई थी?

6. इटली के एकीकरण के जनक कौन थें?
7. ''जब फ्रांस छींकता है तो बाकी युरोप को सर्दी–जुकाम हो जाता है'' यह शब्द किसने कहते कहें?
8. ''युनाईटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन'' का गठन कब हुआ था?
9. वियना सम्मेलन की अध्यक्षता किसने की थी?
10. वर्साय शहर कौनसे देश में स्थित है?
11. इटली अपने एकीकरण से पूर्व कितने राज्यों में विभाजित था?
12. ''टूटी हुई बेडियाँ'' किसका प्रतीक थी?
13. जर्मनी के एकीकरण के पश्चात जर्मनी का सम्राट किसे घोषित किया गया?
14. बाल्कन क्षैत्र में कौन–कौन से क्षैत्र शामिल थे?
15. कुस्तुनतुनिया की संधि कब हुई?
16. इटली के क्रांतिकारियों के गुप्त संघटन का नाम क्या था?
17. जर्मन राष्ट्र का रूपक कौन थी?
18. ''उगते हुये सूर्य की किरणें'' किसका प्रतीक हैं?

<u>लघुत्तरात्मक प्रश्न–I</u>

1. उदारवाद से क्या अभिप्राय है?
2. ''जनमत संग्रह'' से क्या आशय है?
3. ''इस्टेट जनरल'' का चुनाव कौनसे नागरिकों के द्वारा किया जाता था?
4. जैकोबिन क्लबों की स्थापना किसने की थी?
5. 1804 की नागरिक संहिता से आप क्या समझते है?
6. ब्रिटेन के राष्ट्रीय गान का नाम लिखिए।
7. फ्रांसीसी सैनिकों की पोशाक कौनसी थी?
8. कल्पनादर्श (यूटोपिया) से क्या तात्पर्य है?
9. इटली के एकीकरण में योगदान देने वाले चार व्यक्तियों के नाम लिखिए?

<u>लघुत्तरात्मक प्रश्न–II</u>

1. फ्रांस में नेपोलियन द्वारा प्रारंभ की गई नागरिक संहिता 1804 की किन्हीं चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए?
2. रुढ़ीवादी से आप क्या समझते है?
3. 1815 की वियना संधि से आप क्या समझते है?

4. गेरीबाल्डी पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए?
5. यूरोप के कुलीन वर्ग की विशेषताओं का वर्णन कीजिए?
6. बिस्मार्क के बारे में संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए?
7. जर्मनी के एकीकरण के प्रमुख चरण लिखिए?
8. यूनान की स्वतंत्रता प्राप्ति की मुख्य घटनाओं को क्रमबद्ध रूप में लिखिए?
9. इंग्लैण्ड ने आयरलैण्ड पर प्रभुत्व किस प्रकार स्थापित किया?
10. ''ज्युसेपे मेत्सिनी'' के बारे में आप क्या जानते है?
11. राष्ट्रीय राज्य के निर्माण में ''लोक संस्कृति की भूमिका'' स्पष्ट कीजिए?

<u>निबन्धात्मक प्रश्न –</u>

1. जर्मनी के एकीकरण की प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए?
2. बाल्कन प्रदेश में राष्ट्रवादी तनाव क्यों पनपा?
3. इटली के एकीकरण की प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए?
4. फ्रांसीसी लोगों के बीच सामुहिक पहचान का भाव पैदा करने के लिए फ्रांसीसी क्रांतिकारियों ने क्या कदम उठाये?

अध्याय–2

भारत में राष्ट्रवाद

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. महात्मा गांधी ने नमक यात्रा कहाँ से शुरू की थी?

   (अ) उत्तरप्रदेश (ब) साबरमती (स) दांडी (द) चम्पारन ( )

2. महात्मा गांधी दक्षिणी अफ्रीका से भारत कब लौटे?

   (अ) 1915 (ब) 1914 (स) 1913 (द) 1912 ( )

3. असहयोग आंदोलन कब शुरू हुआ ?

   (अ) नवम्बर 1920 (ब) जनवरी 1921 (स) मार्च 1921 (द) दिसम्बर 2021 ( )

4. रॉलेट एक्ट कब पारित हुआ?

   (अ) 1917 (ब) 1919 (स) 1920 (द) 1922 ( )

5. साइमन कमीशन भारत कब आया?

   (अ) 1930 (ब) 1929 (स) 1928 (द) 1932 ( )

6. भारत छोड़ो आन्दोलन कब प्रारंभ हुआ?

   (अ) 1939 (ब) 1940 (स) 1941 (द) 1942 ( )

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर :– 1. ब, 2. अ, 3. ब, 4. ब, 5. स, 6. द

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –

7. 1930 में ..... ने दलित वर्ग एसोसिएशन की स्थापना की। (अम्बेडकर)
8. 1917 में गांधी जी ने गुजरात के ..... जिले के किसानों की मदद के लिए सत्याग्रह का आयोजन किया। (खेड़ा)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. ''स्वराज पार्टी'' के निर्माता कौन थे?
2. गांधी जी के राजनैतिक गुरू कौन थे?
3. गांधी–इरविन समझौता कब हुआ?
4. जलियावाला बाग हत्याकांड कब और कहाँ हुआ?
5. खिलाफत आंदोलन के दो प्रमुख नेताओं के नाम लिखिए।
6. ''वंदे मातरम'' गीत के लेखक कौन थें?

7. ''पूर्ण स्वराज'' की मांग कांग्रेस के किस अधिवेशन में की गई?
8. बारदोली आंदोलन किसके नेतृत्व में और कब हुआ?
9. चौरा–चोरी घटना कब घटित हुई?
10. आनन्द मठ के रचियता कौन थें?
11. 'पिकेटिंग' से क्या आशय है?
12. पहला विश्व युद्ध कब से कब तक लड़ा गया?
13. वर्साय की संधि कब हुई?
14. ईस्ट–इण्डिया कम्पनी भारत में कब आई?
15. ''हिन्द स्वराज'' नामक पुस्तक किसने व कब लिखी?
16. ''बेगार'' शब्द से आप क्या समझते है?
17. असहयोग आंदोलन वापस लेने का फैसला गांधी जी ने कब लिया?
18. साइमन कमिशन में कुल कितने सदस्य थे?

<u>लघुत्तरात्मक प्रश्न–I</u>

1. प्रथम विश्व युद्ध में मित्र राष्ट्रों में कौन–कौन से देश शामिल थे?
2. साइमन कमिशन क्या था? इसका भारत आने पर विरोध क्यों हुआ?
3. दलितों की ''दमित वर्ग एसोसिएशन'' की स्थापना किसने व कब की?
4. पूना पेक्ट कब व किन–किन के मध्य हुआ?
5. गोलमेज सम्मेलन का उद्देश्य क्या था?
6. गिरमिटिया मजदूर कौन थे?

<u>लघुत्तरात्मक प्रश्न–II</u>

1. गांधीजी ने ब्रिटिश सरकार के प्रति असहयोग की नीति क्यों अपनाई?
2. गांधी–इरविन समझौते के बारे में आप क्या जानते है?
3. खिलाफत आंदोलन पर टिप्पणी लिखिए।
4. असहयोग आंदोलन का शहरों में क्या प्रभाव पड़ा?
5. विश्वव्यापी आर्थिक मंदी के बारे में आप क्या समझते है?
6. गांधी जी की नमक यात्रा को स्पष्ट कीजिए?
7. सविनय अवज्ञा आंदोलन में किसानों की भूमिका स्पष्ट किजिए।
8. पूना पेक्ट के बारे में आप क्या समझते है?

निबन्धात्मक प्रश्न –

1. भारत छोड़ो आंदोलन का वर्णन कीजिए?
2. जलियावाला बाग हत्याकांड का विस्तार से वर्णन कीजिए?
3. रोलेट एक्ट क्या था तथा इसका भारतीयों ने विरोध क्यों किया?
4. गांधी जी द्वारा चलाए गये किन्ही दो आंदोलनों का विस्तार से वर्णन कीजिए?
5. खिलाफत आंदोलन का अर्थ स्पष्ट कीजिए। इसमें गांधी जी की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।
6. सविनय अवज्ञा आंदोलन की उपलब्धियों व सीमाओं की विवेचना कीजिए?
7. सत्याग्रह व अहिंसा पर गांधीजी के विचार स्पष्ट कीजिए?

अध्याय–3

भूमंडलीकृत विश्व का बनना

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. कैरीबियाई द्वीप समूह में शामिल नहीं है –

   (अ) त्रिनिदाद (ब) गुलाना (स) सूरीनाम (द) आयरलैण्ड ( )

2. अमेरिका की खोज किसने की?

   (अ) वास्कोडिगामा (ब) अल्बुकर्क (स) कोलम्बस (द) डूप्ले ( )

3. हेनरी मॉर्टन स्टैनली कौन थे?

   (अ) पत्रकार व खोजी (ब) इंजीनियर (स) डॉक्टर (द) वैज्ञानिक ( )

4. विश्व व्यापी आर्थिक मंदी का सबसे बुरा असर पड़ा –

   (अ) जापान (ब) अमेरिका (स) फ्रांस (द) ब्रिटेन ( )

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर :– 1. द, 2. स, 3. अ, 4. ब

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –

1. ..... का निर्यात तभी संभव हो पाया जब जहाजों को ठंडा रखने की व्यवस्था कर ली गई। (मांस)
2. वर्ष ..... में विश्व व्यापी मंदी अपने चरम पर थी। (1931)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. प्रथम विश्व युद्ध कौनसे दो गुटों के बीच लड़ा गया था?
2. रिंडरपेस्ट क्या है?
3. आर्थिक महामंदी कब हुई और यह संकट कब तक बना रहा?
4. द्वितीय विश्व युद्ध के बाद किन दो महाशक्तियों का उदय हुआ?
5. भारत से विदेशों में निर्यात की जाने वाली दो वस्तुओं के नाम बताओ?
6. ''ब्रेटन वुड्स संस्थान'' किसे कहा जाता है?
7. रेशम मार्ग से क्या अभिप्राय है?
8. विश्व बैंक की स्थापना कब और क्यों की गई?
9. आयात शुल्क किसे कहते है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–I

1. अमेरिका में विश्व के विभिन्न देशों से लोगों के आने का क्या कारण था?
2. कैनाल कॉलोनी से क्या अभिप्राय है?
3. वीटो या निषेधाधिकार से आप क्या समझते है?
4. रिंडरपेस्ट बिमारी का अफ्रीका पर क्या प्रभाव पड़ा?
5. ''असेम्बली लाइन'' क्या थी?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–II

1. वैश्विक महामंदी से भारत पर क्या असर पड़ा?
2. ''ब्रेटन वुड्स संस्थान'' या ब्रिटेन वुडस की जुड़वा संतान किसे कहा जाता है?
3. प्रथम विश्व युद्ध के परिणामों की विवेचना कीजिए?
4. सिल्क रूट क्या है? इसका महत्व बताइये।
5. टिप्पणी लिखिए :–
   (i) हिटलर
   (ii) विश्व बैंक

निबन्धात्मक प्रश्न –

1. महामंदी के कारणों की विस्तृत व्याख्या कीजिए?
2. उपनिवेशवाद से ओपनिवेशिक समाज की अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ेगा? विवेचना कीजिए।
3. खाद्य पदार्थो ने दूर देशों के बीच सांस्कृतिक आदान–प्रदान को बढ़ावा दिया। इस कथन को तीन उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए?
4. अमेरिका के कार निर्माता हैनरी फोर्ड द्वारा अपने कारखाने में स्थापित असेम्बली लाईन की विवेचना कीजिए?

अध्याय–4

औद्योगीकरण का युग

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. औद्योगिक क्रांति सर्वप्रथम किस देश में प्रारंभ हुई?

   (अ) जर्मनी (ब) जापान (स) अमेरिका (द) इंग्लैण्ड ( )

2. भारत का प्रथम लोह व इस्पात संयंत्र स्थापित किया गया–

   (अ) कानपुर–दिनशा पेटिट (ब) हुगली–द्वारकानाथ टेगोर

   (स) रांची–हुकुमचन्द (द) जमशेदजी–टाटा ( )

3. स्पिनिंग जेनी का आविष्कार किसने किया?

   (अ) स्टीफेन्सन (ब) जेम्स हारग्रीव्ज (स) जान के (द) आर्कटाइन ( )

4. मुम्बई में पहली कपड़ा मिल स्थापित हुई –

   (अ) 1804 (ब) 1816 (स) 1854 (द) 1855 ( )

5. बंगाल में पहली जूट मिल स्थापित हुई –

   (अ) 1854 (ब) 1865 (स) 1815 (द) 1855 ( )

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर :– 1. द, 2. द, 3. ब, 4. स, 5. द

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –

1. ..... नये युग का पहला प्रतीक थी। (कपास)
2. बच्चों की चीजों का प्रचार करने के लिये ..... की छवि का सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाता था। (बाल कृष्ण)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. भाप के इंजन का आविष्कार किसने किया?
2. पश्चिम नजरिये से ''प्राच्य'' का क्या आशय है?
3. 'गिल्ड्स' से आप क्या समझते है?
4. भारत के किन्हीं चार प्रारंभिक उद्योगपतियों के नाम लिखिए?
5. भारतीय उद्योगों के संदर्भ में ''जावीर'' की क्या भूमिका थी?
6. स्टेपलर्स से क्या अभिप्राय है?
7. गुमाश्ता कौन थे?
8. भारत की पहली कपड़ा मिल कब और कहाँ स्थापित हुई?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–I

1. उद्योगों में मौसमी आधार पर काम करने वाले कामगारों की स्थिति पर प्रकाश डालिए?
2. जॉबर कौन होते थे? उनके कार्यों को स्पष्ट कीजिए?
3. फ्लांइग शटल पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए?
4. बाजार में श्रम की प्रचुरता के मजदूरों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा?
5. स्पिनिंग जेनी से आप क्या समझते है?
6. औद्योगीकरण के प्रारंभिक दौर में क्या परिवर्तन आये?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–II

1. बुनकरों और गुमाश्तों के बीच टकराव की स्थिति का क्या प्रभाव पड़ा?
2. बीसवीं सदी के प्रथम दशक तक भारत में औद्योगीकरण की व्यवस्था में आए परिवर्तनों का वर्णन कीजिए?
3. औद्योगीकरण के दौरान परम्परागत उद्योगों व औद्योगिक प्रक्रिया पर टिप्पणी लिखिए?
4. औद्योगीकरण से भारतीय अर्थव्यवस्था में आये परिवर्तन लिखिए?
5. औद्योगीकरण से भारतीय सूत्री वस्त्र उद्योग में क्या बदलाव आए?

निबन्धात्मक प्रश्न –

1. इंग्लैण्ड में कारखानों का उदय कब हुआ? इससे उत्पादन प्रक्रिया में क्या परिवर्तन आए?
2. प्रथम विश्व युद्ध के बाद भारत में लघु उद्योगों पर क्या प्रभाव पड़ा? विस्तार से वर्णन कीजिए।
3. औद्योगीकरण से आप क्या समझते है? विस्तार से व्याख्या कीजिए?

अध्याय–5

मुद्रण संस्कृति और आधुनिक दुनिया

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. मुद्रण की सबसे पहली तकनीक किस देश में प्रारंभ हुई?
   (अ) भारत (ब) जर्मनी (स) चीन (द) जापान ( )
2. गंभीर हिन्दी छपाई की शुरूआत किस दशक में हुई?
   (अ) 1920 (ब) 1870 (स) 1850 (द) 1860 ( )
3. जापान की सबसे पुरानी पुस्तक ''डायमण्ड सूत्र'' कब छपी–
   (अ) 1018 (ब) 908 (स) 968 (द) 868 ( )
4. आधुनिक छापेखाने का आविष्कार किसने किया?
   (अ) मार्कोपोलो (ब) योहान गुटेनबर्ग (स) दिदरो (द) इरैस्मस ( )
5. तुलसीदास कृत रामचरित मानस का पहला मुद्रित संस्करण कहाँ प्रकाशित हुआ?
   (अ) बनारस (ब) इलाहाबाद (स) हरिद्वार (द) कलकत्ता ( )
6. ''गुलामगिरी'' पुस्तक के लेखक कौन थे?
   (अ) महात्मा गांधी (ब) ज्योतिबा फूले
   (स) बी.आर. अम्बेडकर (द) गोपाल कृष्ण गोखले ( )

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर :– 1. स, 2. ब, 3. द, 4. ब, 5. द, 6. ब

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –

1. धर्म सुधारक ..... जिसने रोमन कैथोलिक चर्च की कुरीतियों की आलोचना करते हुये अपनी पिच्चानवें स्थापनाएँ लिखी।। (मार्टिन लूथर)
2. भारत में प्रिटिंग प्रेस सर्वप्रथम ..... में पुर्तगाली धर्म प्रचारकों के साथ आई। (गोवा)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. भारत में सबसे पहले प्रिटिंग प्रेस कहाँ और कब स्थापित हुई?
2. ''बंगाल गजट'' नामक साप्ताहिक पत्रिका का प्रकाशन किसने व कब किया?
3. मुद्रण क्रांति से आप क्या समझते हैं?
4. जापान की सबसे पुरानी पुस्तक कौनसी थी और कब छपी थी?
5. कितगावा उतामारो कौन थें?

6. इंग्लैण्ड में सस्ती किताबों को किस नाम से जाना जाता था?
7. उलमा कौन थे?
8. वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट क्या था? यह कब लागू किया गया?
9. कम्पोजीटर किसे कहते है?
10. निरंकुशवाद से आप क्या समझते है?
11. ''गैली'' शब्द से आप क्या समझते है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–I

1. छापेखाने के आविष्कार ने पढ़ने की संस्कृति को कैसे प्रभावित किया?
2. हस्तलिखित पाण्डुलिपियों में क्या कमियाँ थी?
3. मुद्रित पुस्तकों के बारे में लोगों के क्या डर थे?
4. जातिभेद के विरूद्ध निम्न जातीय आंदोलन के प्रणेता ज्योतिबा फूले के योगदान की व्याख्या कीजिए?
5. चीनी राजतंत्र मुद्रित सामग्री का सबसे बड़ा उत्पादक क्यों था?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–II

1. भारत में मुद्रण से पहले की पाण्डुलिपियों पर टिप्पणी लिखिए?
2. मुद्रण संस्कृति ने किस प्रकार फ्रांसीसी क्रांति के लिए योगदान दिया?
3. जापान में मुद्रण के विकास को संक्षेप में समझाइये?
4. इन्क्वीजीशन (धर्म–अदालत) से आप क्या समझते है?
5. 19वीं सदी में युरोप में किस तरह के नये पाठक वर्ग का निर्माण हुआ?

निबन्धात्मक प्रश्न –

1. मुद्रण संस्कृति ने भारत में राष्ट्रवाद के विकास में क्या योगदान दिया?
2. 19वीं सदी में भारत में गरीब जनता पर मुद्रण संस्कृति का क्या असर हुआ?
3. 19वीं सदी के अंत में मुद्रण संस्कृति ने महिलाओं को किस प्रकार प्रभावित किया?
4. गरीब पाठकों को पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए कौन–कौन से प्रयास किये गये? संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

समकालीन भारत (भूगोल)

अध्याय–1

संसाधन एवं विकास

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. वह संसाधन जिन्हें भौतिक, रासायनिक या यांत्रिक प्रक्रियाओं द्वारा पुनः उत्पन्न किया जा सकता है –
   (अ) पवन ऊर्जा (ब) लौह अयस्क (स) धातु (द) कार्बनिक पदार्थ ( )
2. पंजाब में भूमि निम्नीकरण का निम्नलिखित में से मुख्य कारण क्या है?
   (अ) अधिक सिंचाई (ब) वनोन्मूलन (स) गहन खेती (द) अति पशुचारण ( )
3. कौनसे प्रांत में सीढ़ीदार (सोपानी) खेती की जाती है?
   (अ) उत्तराखण्ड (ब) पंजाब (स) हरियाणा (द) उत्तरप्रदेश ( )
4. कौनसे राज्य में काली मृदा मुख्य रूप से पाई जाती है?
   (अ) राजस्थान (ब) जम्मू कश्मीर (स) झारखण्ड (द) गुजरात ( )
5. ज्वारीय ऊर्जा किस प्रकार का संसाधन है?
   (अ) अजैव (ब) मानवकृत (स) अचक्रीय (द) पुनः पूर्तियोग्य ( )
6. लौह अयस्क किस प्रकार का संसाधन है?
   (अ) नवीकरण योग्य (ब) जैव (स) प्रवाह (द) अनवीकरण योग्य ( )
7. भारत में राष्ट्रीय वन नीति (1952) द्वारा निर्धारित वनों के अन्तर्गत कितने प्रतिशत भौगोलिक क्षैत्र वांछित किये गये है?
   (अ) 94% (ब) 54% (स) 33% (द) 20% ( )
8. पूर्वोत्तर और मध्य भारत में वनों की कटाई या निम्नीकरण का कारण है –
   (अ) स्थानान्तरित खेती (ब) चरागाह (स) बाढ़ (द) औद्योगिक शहर ( )

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर :– 1. अ, 2. अ, 3. अ, 4. द, 5. द, 6. द, 7. स, 8. अ

<u>रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –</u>

1. काली मृदाओं को ..... मृदाएँ भी कहा जाता है। (रैगर)
2. संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए ..... एक सर्व मान्यकरण नीति है। (नियोजन)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. नवीकरण योग्य संसाधन किसे कहते है?
2. संसाधन नियोजन से आप क्या समझते है?
3. विकास के आधार पर संसाधन कितने प्रकार के होते है?
4. सतत् पोषणीय विकास का क्या आशय है?
5. कपास की खेती के लिए उपयुक्त मानी जाने वाली मृदा का नाम लिखिए?
6. काजू की फसल उगाने के लिए सबसे अधिक उपयुक्त मृदा कौनसी है?
7. संसाधनों का संरक्षण करना हमारे लिए क्यों आवश्यक है?
8. प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन किस देश में आयोजित किया गया?
9. संभावी संसाधनों से आप क्या समझते है?
10. भारत का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल कितना है?
11. भू–संसाधनों का निम्नीकरण किस कारण हो रहा है?
12. मृदा अपरदन के दो कारण लिखिए?
13. लेटेराइट मृदा किन क्षेत्रों में पाई जाती है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–I

1. मरूस्थलीय मृदा की कोई दो विशेषताएँ लिखिए?
2. नवीकरण योग्य व अनवीकरण योग्य संसाधनों में अन्तर स्पष्ट कीजिए?
3. स्वामित्व के आधार पर संसाधन कितने प्रकार के होते है?
4. उत्त्पत्ति के आधार पर संसाधनों के प्रकार लिखिए?
5. संसाधनों के वर्गीकरण के विभिन्न आधार कौनसे है?
6. भू–संसाधनों से आप क्या समझते है?
7. भूमि निम्नीकरण का आशय स्पष्ट कीजिए?
8. जलोढ़ मृदा का अर्थ स्पष्ट कीजिए?
9. लाल और पीली मृदा कौनसे क्षेत्र में पायी जाती है?
10. समोच्च जुताई किसे कहा जाता है?
11. पहाड़ी क्षेत्रों में मृदा अपरदन को रोकने के लिए क्या कदम उठाने चाहिए?
12. जैव और अजैव संसाधन क्या होते है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–II

1. तीन राज्यों के नाम बताओ जहाँ काली मृदा पाई जाती है? इस पर मुख्य रूप से कौनसी फसल उगाई जाती है।
2. पूर्वी तट के नदी डेल्टाओं पर किस प्रकार की मृदा पाई जाती है? इस प्रकार की मृदा की तीन मुख्य विशेषताएँ लिखो।
3. ''एजेंड़ा–21'' से आप क्या समझते है?
4. भूमि निम्नीकरण को नियंत्रित करने के उपाय सुझाइये?
5. संसाधन नियोजन के विभिन्न सोपानों को स्पष्ट कीजिए?
6. शुद्ध बोये गये क्षेत्र व कुल बोये गये क्षेत्र में अंतर लिखिए?
7. संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता क्यों है? गांधी जी के विचार स्पष्ट कीजिए।
8. पुराने जलोढ़ व नवीन जलोढ़ में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
9. समाप्यता के आधार पर संसाधनों का वर्गीकरण कीजिए?
10. अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संसाधन संरक्षण के लिए कौन–कौनसे प्रयास किये हैं?

निबन्धात्मक प्रश्न –

1. मृदा अपरदन के कारण एवं संरक्षण के उपाय लिखिए?
2. प्रौद्योगिकी और आर्थिक विकास के कारण संसाधनों का अधिक उपयोग कैसे हुआ। विस्तार से लिखो।
3. संसाधन किसे कहते है? संसाधनों का वर्गीकरण चार्ट द्वारा स्पष्ट कीजिए।
4. गरीब पाठकों को पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए कौन–कौन से प्रयास किये गये? संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

अध्याय–2

वन एवं वन्य जीव

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. इनमें से कौनसी टिप्पणी प्राकृतिक वनस्पति जात और प्राणी जात के ह्रास का सही कारण नहीं है –

   (अ) कृषि प्रसार (ब) पशुचारण और लकड़ी इंधन प्राप्त करना

   (स) वृहद स्तरीय विकास योजनाएँ (द) तीव्र औद्योगीकरण और शहरीकरण ( )

2. इनमें से कौनसा तरीका समुदायों का सीधी भागीदारी नहीं करता –

   (अ) संयुक्त वन प्रबंधन (ब) चिपको आन्दोलन

   (स) बीज बचाओ आंदोलन (द) वन्य जीव पशुविहार का परिसीमन ( )

3. निम्नलिखित प्राणियों/पौधों का उनके अस्तित्व के वर्ग से मेल करो –

जानवर/पौधे		अस्तित्व वर्ग	
काला हिरण	–	लुप्त	संकटग्रस्त
एशियाई हाथी	–	दुर्लभ	सुमेघ
अंडमान जंगली सुअर	–	संकटग्रस्त	स्थानिक
हिमालयन भूरा भालू	–	सुमेघ	दुलर्भ
गुलाबी सिर वाली बतख	–	स्थानिक	लुप्त

4. ''चिपको आंदोलन'' से जुड़े हुये पर्यावरणविद है –

   (अ) सुन्दर लाल बहुगुणा (ब) राजेन्द्र सिह

   (स) अमृता देवी विश्नोई (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

5. भारत में वन्य जीव अधिनियम किस वर्ष लागू हुआ?

   (अ) 1972 ई. में (ब) 1948 ई. में (स) 1998 ई. में (द) 1975 ई. में ( )

6. निम्न में से कौनसी प्रजाति संकट ग्रस्त है?

   (अ) मणिपुरी हिरण (ब) गैंडा

   (स) शेर की पूंछ वाला बंदर (द) उपर्युक्त सभी ( )

7. सरिस्का वन्य जीव पशु विहार किस राज्य में स्थित है?

   (अ) हरियाणा (ब) राजस्थान (स) दिल्ली (द) बिहार ( )

8. भारत में प्रोजेक्ट टाइगर कब शुरू किया गया?

   (अ) 1970 (ब) 1971 (स) 1972 (द) 1973 ( )

9. वनों से हमें क्या प्राप्त होता है?

(अ) भोजन (ब) दवाईयाँ (स) लकड़ी (द) उपर्युक्त सभी ( )

10. एशियाई चीता को भारत में कब लुप्त घोषित किया गया?

(अ) 1952 (ब) 1954 (स) 1956 (द) 1958 ( )

11. भारत के किस राज्य में स्थाई वनों के अन्तर्गत सबसे अधिक क्षेत्र है, वह है –

(अ) अरूणाचल प्रदेश (ब) मध्यप्रदेश (स) पंजाब (द) गुजरात ( )

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर :– 1. ब, 2. द, 4. स, 5. अ, 6. द, 7. ब, 8. द, 9. द, 10. अ, 11. ब

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. कोई दो लुप्त प्रजातियों के नाम लिखिए।
2. जमीन पर रहने वाले विश्व के सबसे तेज स्तनधारी प्राणी का नाम बताइये।
3. कैंसर की औषधी कौनसे वृक्ष से बनाई जाती है?
4. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?
5. भारत के किस राज्य में वनों का सर्वाधिक विस्तार है?
6. भारत में विश्व की सारी जैव उप जातियों की कितनी संख्या पाई जाती है?
7. वनों की कटाई से होने वाली दो हानियाँ लिखिए?
8. हिमालयन यव नामक वृक्ष कौनसे राज्यों में पाया जाता है?
9. हमारे देश की किन्ही दो प्रमुख बांध परियोजनाओं के नाम लिखिए?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–I

1. जैव विविधता क्या है?
2. वन्य जीवों के ह्रास के प्रमुख दो कारण लिखिए।
3. वन कितने प्रकार के होते है? नाम बताइये।
4. सुभेध जातियाँ किसे कहते है?
5. लुप्त प्रजातियों के नाम लिखिए।
6. क्या उपनिवेशी वन नीति को दोषी माना जाए?
7. भारत में जैव–विविधता को कम करने वाले चार कारणों को स्पष्ट कीजिए?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–II

1. जैव विविधता क्या है? यह मानव जीवन के लिए क्यों महत्वपूर्ण है?

2. मानव प्रक्रियाएँ किस प्रकार प्राकृतिक वनस्पति जात और प्राणी जात के ह्रास के कारक है? स्पष्ट कीजिए।
3. संकटग्रस्त प्रजातियाँ किसे कहते है? इन प्रजातियों के कोई चार उदाहरण प्रस्तुत कीजिए।
4. दुर्लभ और स्थानिक प्रजातियों में क्या अंतर है? स्पष्ट कीजिए।
5. वनों को संरक्षित रखने के लिए उपाय सुझाइये?
6. स्थायी वन क्षेत्र क्या है? भारत के राज्यों में वनों की स्थिति स्पष्ट कीजिए।
7. खनन, वन विनाश के लिए एक प्रमुख उत्तरदायी कारक है? स्पष्ट कीजिए।
8. प्रशासनिक आधार पर भारत में वनों को कितने भागों में बांटा गया है?
9. मनुष्य किस प्रकार पारिस्थितिकी तंत्र पर निर्भर है? संक्षेप में लिखिए।
10. समुदाय और वन संरक्षण पर अपने विचार लिखिए?

<u>निबन्धात्मक प्रश्न –</u>

1. वन और वन्य जीव संरक्षण में सहयोगी रीति–रिवाजों पर एक लेख लिखिए?
2. भारत में विभिन्न समुदायों ने किस प्रकार वनों और वन्य जीव संरक्षण और रक्षण में योगदान दिया है। विस्तार पूर्वक विवेचना कीजिए।
3. भारत सरकार द्वारा संचालित वन एवं वन्य जीव संरक्षण कार्यक्रम के बारे में बताइये?
4. भारत में वनों के प्रकार एवं उनके क्षेत्र बताइये?

अध्याय–3

जल–संसाधन

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. पृथ्वी का कितने प्रतिशत भाग जल से घिरा है?

   (अ) 1/4भाग (ब) 1/3भाग (स) 3/4 भाग (द) 3/2 भाग ( )

2. वर्तमान समय में भारत में कुल विद्युत का लगभग कितना प्रतिशत भाग जल विद्युत से प्राप्त है?

   (अ) 20% भाग (ब) 21% भाग (स) 22% भाग (द) 25% भाग ( )

3. विश्व में सबसे अधिक वर्षा कहाँ होती है –

   (अ) केरल (ब) चेरापूंजी और मोसिनराम

   (स) राजस्थान (द) उत्तराखण्ड ( )

4. कौनसा राज्य है जहाँ हर घर में छत वर्षा जल संग्रहण ढांचा का बनाना आवश्यक कर दिया है –

   (अ) हरियाणा (ब) मेघालय (स) तमिलनाडु (द) कर्नाटक ( )

5. हीराकुंड बांध बनाया गया है –

   (अ) महानदी (ब) कृष्णा (स) कावेरी (द) चम्बल ( )

6. भाखड़ा नांगल परियोजना बनाई गई है –

   (अ) ब्रह्मपुत्र नदी पर (ब) सतलज–वयास नदी पर

   (स) महानदी पर (द) गंगा नदी पर ( )

7. सरदार सरोवर बांध बनाया गया है –

   (अ) महानदी (ब) दामोदर (स) नर्मदा नदी (द) कावेरी ( )

8. चिपको आंदोलन का संबंध है –

   (अ) वृक्षारोपण (ब) स्थानीय स्वशासन

   (स) शहरीकरण (द) औद्योगीकरण ( )

9. निम्न में से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है –

   (अ) आनासागर–अजमेर (ब) पिछोला–जयपुर

   (स) तालछापर–चूरू (द) फतहसागर–उदयपुर ( )

10. अपने समय की सबसे बड़ी कृत्रिम झील में से एक भोपाल झील बनाई गई –

    (अ) 11वीं शताब्दी में (ब) 12वीं शताब्दी में (स) 13वीं शताब्दी में (द) 14वीं शताब्दी में ( )

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर :– 1. स, 2. स, 3. ब, 4. स, 5. अ, 6. ब, 7. स, 8. अ, 9. ब, 10. अ

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –

1. अलवणीय जल हमें सतही अपवाह और ..... स्त्रोत से प्राप्त होता है। (भौमजल)
2. जवाहर लाल नेहरू ने बहु–उद्देशीय परियोजनाओं को ..... कहा है। (आधुनिक भारत के मंदिर)
3. भाखड़ा–नांगल परियोजना ..... उत्पादन और ..... दोनों के काम आती है। (जल विद्युत व सिंचाई)
4. 2006 में ..... और ..... में भारी वर्षा के दौरान बांधों से जल छोड़ा गया। (महाराष्ट्र / गुजरात)
5. ..... में वर्षा जल अगली वर्षा ऋतु तक संग्रहित किया जा सकता है। (टांका)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. बांस ड्रिप सिंचाई प्रणाली कौनसे राज्य में प्रचलित है?
2. वर्षा जल संग्रहण की आवश्यकता क्यों है? लिखिए।
3. गुल अथवा कुल से आप क्या समझते है?
4. बहुउद्देश्य परियोजनाआं से आप क्या समझते है?
5. भारत में अलवणीय जल के दो स्त्रोत कौन–कौनसे है?
6. पृथ्वी का कितना भाग जल से घिरा हुआ है?
7. सरदार सरोवर बांध किस राज्य में बनाया गया है?
8. चन्द्रगुप्त मौर्य के समय कौनसी झील का निर्माण हुआ?
9. जल के चार प्रमुख उपयोग बताइये?
10. वर्ष 2025 में अनुमानतः कितने प्रतिशत लोग जल की नितांत कमी झेलेंगे?
11. भारत के उस क्षेत्र का नाम बताइये जो जल की कमी से पीड़ित रहता है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–I

1. नर्मदा बचाओ आंदोलन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
2. अधिक जनसंख्या के कारण जल दुर्लभता होती है। स्पष्ट कीजिए?
3. जल संरक्षण हेतु उपाय सुझाइये?
4. बहु–उद्देश्यीय नदी घाटी परियोजनाओं पर प्रकाश डालिए।
5. हमारे देश में सिंचाई के प्रमुख साधन कौन–कौनसे है?
6. हमारे राज्य में अर्द्धशुष्क एवं शुष्क क्षेत्रों में वर्षा जल किस प्रकार संग्रहण किया जाता है?

7. बांधों से कौन–कौनसे लाभ होते है? स्पष्ट कीजिए।
8. जल संरक्षण एवं प्रबंधन की आवश्यकता क्यों है? लिखिए।

<u>लघुत्तरात्मक प्रश्न–II</u>

1. जल संसाधन के प्रमुख स्त्रोतों को संक्षेप में बताइये?
2. राजस्थान के जल संग्रहण के परम्परागत जल स्त्रोतों का वर्णन कीजिए।
3. वर्तमान में जल संरक्षण की आवश्यकता क्यों है? जल संरक्षण हेतु उपाय बताइये।
4. औद्योगीकरण किस प्रकार जल दुर्लभता के लिए उत्तरदायी है? संक्षेप में बताइये।
5. बांध क्या है? इन्हें बहु–उद्देश्य परियोजनाएँ क्यों कहते है?
6. प्राचीन काल की कुछ जलीय कृतियों का विवरण दीजिए?
7. तीव्र शहरीकरण ने जल दुर्लभता को बढ़ाया है? व्याख्या कीजिए।

<u>निबन्धात्मक प्रश्न –</u>

1. वन और वन्य जीव संरक्षण में सहयोगी रीति–रिवाजों पर एक निबंध लिखिए?
2. भारत में विभिन्न समुदायों ने किस प्रकार वनों और वन्य जीव संरक्षण और रक्षण में योगदान किया है। विस्तारपूर्वक विवेचना कीजिए।
3. बांध किस प्रकार से बाढ़ एवं अन्य पर्यावरणीय समस्याओं के जनक होते है? विवेचना कीजिए।
4. बांस ड्रिप सिंचाई प्रणाली क्या है? इसके विभिन्न चरण बताइये।
5. भारत के मानचित्र में निम्न को अंकित कीजिए –
   (i) हीरा कुण्ड परियोजना (ii) पेरियार बांध
   (iii) सरदार सरोवर बांध (iv) भाखड़ा नांगल बांध
   (v) दामोदर घाटी परियोजना

अध्याय–4

कृषि

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. निम्न में से कौन–सा उस कृषि प्रणाली को दर्शाता है, जिसमें एक ही फसल लम्बे–चौड़े क्षेत्र में उगाई जाती है?

   (अ) स्थानान्तरित कृषि (ब) बागवानी

   (स) रोपण कृषि (द) गहन कृषि ( )

2. इनमें से कौनसी एक फलीदार फसल है –

   (अ) दालें (ब) ज्वार तिल (स) मोटे अनाज (द) तिल ( )

3. इनमें से कौनसी रबी की फसल है?

   (अ) चावल (ब) चना (स) मोटे अनाज (द) कपास ( )

4. इनमें से कौनसी खरीफ की फसल है –

   (अ) जौ (ब) बाजरा (स) चना (द) सरसों ( )

5. कृषि एक क्रिया है –

   (अ) प्राथमिक (ब) द्वितीयक (स) तृतीयक (द) इनमें से कोई नहीं ( )

6. इनमें से कौनसी जायद की फसल है –

   (अ) गेहूँ (ब) जौ (स) ग्वार (द) तरबूज ( )

7. संसार का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश है –

   (अ) भारत (ब) अमेरिका (स) ब्राजील (द) चीन ( )

8. इनमें से कौनसी रेसेदार फसल है –

   (अ) जूट (ब) गन्ना (स) चावल (द) बाजरा ( )

9. इनमें से कौनसा मोटा अनाज नहीं है –

   (अ) गेहूँ (ब) रागी (स) बाजरा (द) ज्वार ( )

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर :– 1. स, 2. द, 3. ब, 4. ब, 5. अ, 6. द, 7. द, 8. अ, 9. अ

<u>रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –</u>

1. कृषि एक ..... क्रिया है। (प्राथमिक)
2. हमारे देश की दो तिहाई जनसंख्या ..... कार्यों में संलग्न है। (कृषि)
3. ..... वाणिज्यिक कृषि का एक प्रकार है। (रोपण कृषि)

4. 'कर्तन दहन' कृषि को मणिपुर में ..... कहते है। (पामलू)

5. रबी की फसलों को ..... ऋतु में अक्टूबर से दिसम्बर के मध्य बोया जाता है। (शीत ऋतु)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. हमारे देश में उगाये जाने वाले प्रमुख मोटे अनाज कौन–कौनसे है?
2. ज्वार व बाजरा उत्पादन करने वाले अग्रणी राज्यों के नाम लिखिए।
3. जायद की प्रमुख फसलों के नाम लिखिए।
4. झूम कृषि से आप क्या समझते है?
5. रोपण कृषि से आप क्या समझते हैं?
6. आर्गेनिक कृषि (जैविक कृषि) आप क्या समझते है?
7. हमारे देश की दो प्रमुख पेय फसलों के नाम लिखिए।
8. हमारे देश की मुख्य रेशेदार फसलों के नाम लिखिए।
9. सर्वाधिक गन्ना उत्पादक राज्य का नाम लिखिए।
10. हमारे देश की तीन शस्य ऋतुओं के नाम बताइये।
11. हमारे देश में बाजरा उत्पादक मुख्य राज्य कौनसा है?
12. रबी की किन्हीं चार फसलों के नाम लिखिए।
13. खरीफ की किन्हीं चार फसलों के नाम लिखिए।
14. चार तिलहन फसलों के नाम लिखिए।
15. चार दलहन फसलों के नाम लिखिए।
16. जायद की फसल के बारे में आप क्या जानते है? इन्हें कब बोया जाता है?
17. हमारे देश में कपास उत्पादक दो मुख्य राज्यों के नाम लिखिए।
18. भारत में अधिकांश लोगों का प्रमुख खाद्यान कौनसा है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–I

1. रबी व खरीफ की फसलों में अंतर लिखिए।
2. कृषि आधुनिकीकरण के लिए कौन–कौनसे कदम उठाये गये?
3. भूदान आंदोलन से आप क्या समझते है?
4. रबड़ की कृषि के लिए आवश्यक भौगोलिक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए।
5. गेहूँ उत्पादन के लिए कौनसी भौगोलिक परिस्थितियाँ अनुकूल है?
6. गहन कृषि के बारे में आप क्या जानते है?

7. वाणिज्यिक कृषि से आप क्या समझते है?
8. ''कर्त्तन दहन'' प्रणाली से आप क्या समझते है?
9. बाजरा उत्पादन की अनुकूल दशाओं पर प्रकाश डालिए।
10. कपास उत्पादन के लिए कोई चार अनुकूल दशाएँ लिखिए।

लघुत्तरात्मक प्रश्न–II

1. हमारे देश की तीन शस्य ऋतुओं के बारे में संक्षेप में लिखिए।
2. जीविका कृषि की प्रमुख विशेषताएँ बताइये?
3. हमारे देश की अर्थव्यवस्था में कृषि के महत्व को स्पष्ट कीजिए?
4. वाणिज्यिक कृषि की प्रमुख विशेषताओं को संक्षेप में लिखिए।
5. गन्ना उत्पादन की अनुकूल दशाओं पर प्रकाश डालिए।
6. हमारे देश में आजादी के बाद कृषि क्षेत्र में हुये सुधारों को संक्षेप में लिखिए।
7. सरकार द्वारा किसानों के हित में किये गये संस्थागत सुधारों के बारे में अपने विचार लिखिए।
8. भारत में घटते खाद्य उत्पादन के लिए उत्तरदायी प्रमुख कारकों का वर्णन कीजिए।
9. मोटे अनाज पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए?
10. भारत में दलहन की फसल के मुख्य बिन्दु लिखिए?

निबन्धात्मक प्रश्न –

1. भारतीय कृषि पर वैश्वीकरण के प्रभाव को स्पष्ट कीजिए।
2. चावल की खेती के लिए उपर्युक्त भौगोलिक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए।
3. भारत में पैदा होने वाली प्रमुख खाद्यान फसलों का विस्तार से वर्णन कीजिए।
4. मानचित्र में चावल उत्पादक राज्यों को अंकित करो –
   (i) पश्चिम बंगाल (ii) पंजाब (iii) हरियाणा (iv) उत्तरप्रदेश
   (v) आंध्रप्रदेश
5. ''प्रौद्योगिकीय और संस्थागत सुधार'' पर एक निबंध लिखिए।

अध्याय–5

खनिज और ऊर्जा संसाधन

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. निम्न में से धात्विक खनिज का उदाहरण है –

   (अ) लौह अयस्क (ब) नमक (स) कोयला (द) अभ्रक ( )

2. सर्वश्रेष्ठ लौह अयस्क है –

   (अ) मैग्नेटाइट (ब) सिडेराइट (स) हेमेटाइट (द) लिमोनाइट ( )

3. हमारे देश का सबसे पुराना तेल उत्पादक राज्य है –

   (अ) राजस्थान (ब) असम (स) गुजरात (द) बिहार ( )

4. हमारे देश का सर्वाधिक बॉक्साइट उत्पादक राज्य कौनसा है –

   (अ) राजस्थान (ब) उत्तरप्रदेश (स) ओड़िसा (द) गुजरात ( )

5. कितने प्रकार के खनिजों की पहचान की जा चुकी है –

   (अ) 200 (ब) 500 (स) 2000 (द) 1500 ( )

6. 'मैग्नेटाइट' लौह अयस्क में लोहांश पाया जाता है –

   (अ) 50% (ब) 60% (स) 70% (द) 80% ( )

7. कनन्ड भाषा में 'कुदरे' शब्द का अर्थ है –

   (अ) गधा (ब) घोड़ा (स) ऊँट (द) भैंस ( )

8. राजस्थान में तांबे की खदानें है –

   (अ) खेतड़ी (ब) अजमेर (स) कोटा (द) गंगानगर ( )

9. निम्न में से कौनसा ऊर्जा खनिज है –

   (अ) चूना–पत्थर (ब) बलुआ–पत्थर (स) कोयला (द) जस्ता ( )

10. यूरेनियम तथा थोरियम से प्राप्त होती है –

    (अ) जल विद्युत (ब) पवन ऊर्जा (स) ताप विद्युत (द) आणविक तथा परमाणु ऊर्जा ( )

11. दांतों को गलने से रोकता है –

    (अ) डोमेनाइट (ब) फ्लूराइड (स) इल्मेनाइट (द) चूना पत्थर ( )

12. हमारे देश में ज्वारीय ऊर्जा उत्पन्न करने हेतु आदर्श क्षेत्र है –

    (अ) कच्छ की खाड़ी (ब) खम्भात की खाड़ी

    (स) सुन्दरवन का डेल्टा (द) उपर्युक्त सभी ( )

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर :– 1. अ, 2. स, 3. ब, 4. स, 5. स, 6. स, 7. ब, 8. अ, 9. स, 10. द, 11. ब, 12. द

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –

13. ..... भारत का सबसे बड़ा मैग्नीज उत्पादक राज्य है। (ओड़िसा)
14. खनिज सामान्यतः ..... में पाया जाता है। (आग्नेय व कायान्तरित चट्टानों)
15. भारत एक ..... देश है। (ऊष्ण कटिबंधीय)
16. ..... गुजरात का सबसे महत्वपूर्ण तेल क्षेत्र है। (अंकलेश्वर)
17. कृष्णा–गोदावरी नदी बेसिन में ..... गैस के विशाल भण्डार खोजे गये है। (प्राकृतिक)
18. भारत में ..... ऊर्जा के उत्पादन की महान संभावनाएँ है। (सौर)
19. महासागरीय ..... का उपयोग विद्युत उत्पादन के लिए किया जा सकता है। (तरंगो)
20. आर्थिक विकास के लिए ..... एक आधारभूत आवश्यकता है। (खनिज)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. भारत के दो अभ्रक उत्पादक राज्यों के नाम लिखिए।
2. मैग्नीज का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य कौनसा है?
3. परम्परागत ऊर्जा संसाधनों के कोई चार उदाहरण दीजिए।
4. खनिज से आप क्या समझते है?
5. अलौह धातु किसे कहते है?
6. लौह खनिज किसे कहते है?
7. दो अभ्रक उत्पादक राज्यों के नाम लिखिए।
8. पृथ्वी की सबसे ऊपरी परत का नाम लिखिए।
9. टूथ ब्रश व पेस्ट की ट्यूब किसकी बनी होती है?
10. खनिज कहाँ पाए जाते है?
11. बेलाडिला की पहाडियाँ किससे मिलती–जुलती है?
12. दुर्ग–बस्तर–चन्द्रपुर पेटी कहाँ पायी जाती है?
13. महाराष्ट्र–गोवा पेटी कहाँ पायी जाती है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–I

1. चूना पत्थर के बारे में आप क्या जानते है?
2. अवसादी चट्टानों में खनिज किस प्रकार पाये जाते है?
3. पेट्रोलियम हमारे लिए क्यों उपयोगी है?
4. लौह व अलौह खनिज में अंतर स्पष्ट कीजिए?

5. खनिज हमारे लिए क्यों उपयोगी है?
6. ''रैट होल खनन'' से आप क्या समझते है?
7. ''ओडिशा–झारखण्ड पेटी'' के बारे में अपने विचार लिखिए।
8. चूना पत्थर के बारे में आप क्या जानते है?
9. ऊर्जा संसाधन से आप क्या समझते है? ये किस काम आते है।
10. लिग्नाइट कोयला किस काम आता है? कहाँ पाया जाता है?
11. टरशियरी कोयला क्षेत्र का विस्तार लिखिए, यह कहाँ पाया जाता है?

<u>लघुत्तरात्मक प्रश्न–II</u>

1. प्राकृतिक गैस व बायो गैस में अंतर स्पष्ट कीजिए।
2. ज्वारीय ऊर्जा क्या है? संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
3. धात्विक व अधात्विक खनिजों में अंतर स्पष्ट कीजिए।
4. हमारे देश में सौर ऊर्जा का भविष्य कैसा है? लिखिए?
5. खनन उद्योग को घातक उद्योग क्यों कहा जाता है?
6. तांबा खनिज के तीन उपयोग लिखिए?
7. खनिज क्या है? खनिजों को वर्गीकृत कीजिए?
8. हमें खनिज संरक्षण की आवश्यकता क्यों है। इसके संरक्षण के उपाय लिखिए।
9. खनिज क्या है? खनिजों को वर्गीकृत कीजिए।
10. लौह खनिज विकास का मुख्य आधार है। इस कथन पर प्रकाश डालिए?

<u>निबन्धात्मक प्रश्न –</u>

1. भारत में सौर ऊर्जा का भविष्य उज्ज्वल है, क्यों? अपने विचार विस्तार से लिखिए।
2. भारत में कोयले के वितरण का वर्णन कीजिए?
3. भारत में लौह अयस्क का वितरण समझाइये?
4. परम्परागत ऊर्जा के स्त्रोत कौन–कौन से है? किन्हीं तीन पर अपने विचार लिखिए।
5. भारत में प्रमुख गैर–परम्परागत शक्ति के साधन कौन–कौनसे है? वर्णन कीजिए।
6. भारत के मानचित्र में अंकित करो –

   (i) बेलारी (ii) कुद्रेमुख (iii) दुर्ग (iv) मयुरभंज (v) बेलाडिला

   अथवा

   भारत के मानचित्र में अंकित करो –

   (i) रानीगंज (ii) झरिया (iii) बोकारो (iv) तलचर (v) नेवली

अध्याय–6

विनिर्माण उद्योग

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. निम्न में से कौनसा उद्योग बॉक्साइट को कच्चे माल के रूप में प्रयोग करता है?

   (अ) एल्युमिनियम प्रगलन (ब) कागज

   (स) सीमेंट (द) स्टील ( )

2. निम्न में से कौनसा उद्योग दूरभाष, कम्प्यूटर आदि संयंत्र निर्मित करते है –

   (अ) स्टील (ब) एल्यूमिनियम प्रगलन

   (स) इलैक्ट्रोनिक (द) सूचना प्रौद्योगिकी ( )

3. निम्न में से कौनसी एजेंसी सार्वजनिक क्षेत्र में स्टील को बाजार में उपलब्ध कराती है?

   (अ) हेल (HAIL) (ब) सैल (SAIL) (स) टाटा स्टील (द) एम एन सी सी (MNCC) ( )

4. निम्न में से कौनसा उद्योग चूना पत्थर को कच्चे माल के रूप में प्रयुक्त करता है?

   (अ) एल्यूमिनियम (ब) सीमेंट (स) प्लास्टिक (द) मोटर गाड़ी ( )

5. निम्न में से कौनसा आधारभूत उद्योग है –

   (अ) लौह–इस्पात (ब) सीमेंट प्रगलन

   (स) एल्यूमिनियम प्रगलन (द) उपर्युक्त सभी ( )

6. चीनी मिलों की सर्वाधिक सघनता किन राज्यों में है –

   (अ) उत्तरप्रदेश व बिहार (ब) बिहार व महाराष्ट्र

   (स) कर्नाटक व उत्तरप्रदेश (द) गुजरात व पंजाब ( )

7. निम्न में से कौनसा कृषि आधारित उद्योग नहीं है –

   (अ) पटसन उद्योग (ब) रबड़ उद्योग (स) सीमेंट उद्योग (द) चीनी उद्योग ( )

8. निम्न में से कौनसा शहर भारत की इलैक्ट्रोनिक राजधानी कहा जाता है –

   (अ) मुम्बई (ब) बेंगलुरू (स) कोलकात्ता (द) चेन्नई ( )

9. निम्न में से कौनसा उपभोक्ता उद्योग है –

   (अ) एल्यूमिनियम प्रगलन (ब) तांबा प्रगलन

   (स) लौह–इस्पात (द) सिलाई मशीन ( )

10. हमारे देश में पहला सीमेंट उद्योग कारखाना लगाया गया था –

    (अ) चेन्नई (ब) मुम्बई (स) कोलकात्ता (द) उदयपुर ( )

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर :– 1. अ, 2. द, 3. ब, 4. ब, 5. अ, 6. अ, 7. स, 8. ब, 9. द, 10. अ

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –

11. 1950 के दशक में भारत तथा ..... ने लगभग एक समान मात्रा में इस्पात उत्पादित किया था। (चीन)
12. भारत ..... को सूत का निर्यात करता है। (जापान)
13. कृषि तथा ..... एक दूसरे से पृथक नहीं है। (उद्योग)
14. भारत का पहला सीमेंट उद्योग सन् ..... में चेन्नई में स्थापित किया गया। (1904)
15. बैंगलुरू को भारत की ..... के रूप में जाना जाता है। (इलेक्ट्रॉनिक राजधानी)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. आधारभूत उद्योग क्या है? लिखिए।
2. भारत का पहला सफल सूती वस्त्र उद्योग कब और कहाँ लगा?
3. सार्वजनिक उद्योग किसे कहते है?
4. स्वामित्व के आधार पर उद्योगों को कितने भागों में बांटा जा सकता है?
5. जल प्रदूषण के प्रमुख कारण कौन–कौनसे है?
6. कौनसी एजेंसी सार्वजनिक क्षेत्र में स्टील बाजार में उपलब्ध करवाती है?
7. कोई दो खनिज आधारित उद्योगों के नाम लिखिए।
8. पहला पटसन उद्योग कब और कहाँ स्थापित हुआ?
9. उद्योगों की स्थापना को प्रभावित करने वाले कारक कौन–कौनसे है?
10. उपभोक्ता उद्योग किसे कहा जाता है?
11. प्रमुख भूमिका के आधार पर उद्योग कितने प्रकार के होते है?
12. विनिर्माण या वस्तु निर्माण किसे कहा जाता है?
13. द्वितीयक कार्यों में लगा व्यक्ति क्या काम करता है?
14. प्रयुक्त कच्चे माल के स्त्रोत के आधार पर उद्योग कितने प्रकार के होते है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–I

1. विनिर्माण उद्योग के महत्व को स्पष्ट कीजिए।
2. ध्वनि प्रदूषण के कोई चार कारण लिखिए।
3. निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों में अंतर स्पष्ट कीजिए।
4. औद्योगिक प्रदूषण से स्वच्छ जल किस प्रकार बचाया जा सकता है?
5. पटसन उद्योग के सामने आने वाली समस्याओं की चर्चा कीजिए।

6. ''भारत में सूती वस्त्र उद्योग संकट में है'' पक्ष में कोई दो तर्क दीजिए।
7. आधारभूत और उपभोक्ता उद्योग में क्या अंतर है?
8. कृषि पर आधारित उद्योग कौन–कौन से है?

<u>लघुत्तरात्मक प्रश्न–II</u>

1. लोह तथा इस्पात उद्योग की आवश्यकता क्यों है? लिखिए।
2. चीनी उद्योग की प्रमुख चुनोतियाँ लिखिए।
3. खनिज आधारित उद्योग किसे कहा जाता है?
4. राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में उद्योगों के योगदान की विवेचना कीजिए।
5. पूंजी निवेश के आधार पर उद्योगों के प्रकार स्पष्ट कीजिए।
6. स्वामित्व के आधार पर उद्योगों का वर्गीकरण कीजिए।
7. अधिकतर पटसन उद्योग हुगली नदी के तट पर ही क्यों स्थित है? कारण दीजिए।
8. जूट उद्योग किन चुनौतियों का सामना कर रहा है?
9. उद्योगों की स्थिति को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए?
10. रसायन उद्योग अपने आप में एक बड़ा उपभोक्ता किस प्रकार है? स्पष्ट कीजिए।
11. ''कृषि और उद्योग एक दूसरे से अलग नहीं है, बल्कि एक–दूसरे के पूरक है'' स्पष्ट कीजिए।

<u>निबन्धात्मक प्रश्न –</u>

1. उद्योग पर्यावरण को कैसे प्रदूषित करते है? विवेचना कीजिए।
2. उद्योगों का विभिन्न आधारों पर वर्गीकरण कीजिए?
3. भारत में सूती वस्त्र उद्योग के विकास का विस्तार से वर्णन कीजिए?
4. भारत में लोह–इस्पात उद्योग का विस्तार से वर्णन कीजिए?
5. भारत के रेखा मानचित्र पर निम्न को अंकित करो –

   (i) अहमदाबाद (ii) भिलाई (iii) कानपुर (iv) दुर्गापुर

   (v) सेलम

अध्याय–7

राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएँ

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. निम्न में से कौनसा राज्य हजीरा–विजयपुर–जगदीशपुर पाइप लाइन से नहीं जुड़ा है –
   (अ) मध्यप्रदेश (ब) महाराष्ट्र (स) गुजरात (द) उत्तरप्रदेश ( )
2. निम्नलिखित में से परिवहन का कौनसा साधन वहनान्तरण हानियों तथा देरी को घटाता है?
   (अ) रेल परिवहन (ब) सड़क परिवहन
   (स) पाईपलाईन परिवहन (द) जल परिवहन ( )
3. निम्न में से कौनसे दो दूरस्थ स्थित स्थान पूर्वी–पश्चिमी गलिारे से जुड़े है?
   (अ) मुम्बई तथा नागपुर (ब) सिलचर तथा पोरबंदर
   (स) मुम्बई तथा कोलकात्ता (द) नागपुर तथा सिलिगुड़ी ( )
4. निम्न में से कौनसा परिवहन साधन भारत में प्रमुख साधन है?
   (अ) पाईपलाईन (ब) रेल परिवहन (स) सड़क परिवहन (द) वायु परिवहन ( )
5. निम्न में से कौनसा शब्द दो या अधिक देशों के व्यापार को दर्शाता है?
   (अ) आंतरिक व्यापार (ब) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार
   (स) बाहरी व्यापार (द) स्थानीय व्यापार ( )
6. भारत का प्राचीनतम कृत्रिम पत्तन है –
   (अ) विशाखापट्टनम् (ब) हल्दिया (स) चैन्नई (द) मुम्बई ( )
7. भारत में प्रथम रेलगाड़ी चलाई गई थी –
   (अ) 1853 में (ब) 1857 में (स) 1863 में (द) 2010 में ( )
8. भारतीय रेल परिवहन को कितने रेल प्रखंडो में पुनः संकलित किया गया है ?
   (अ) 16 (ब) 14 (स) 12 (द) 10 ( )
9. स्वर्णिम चतुर्भुज महाराजमार्ग की सड़क कितने लेन वाली बनाई गई?
   (अ) 3 (ब) 4 (स) 5 (द) 6 ( )
10. भारत का सड़क जाल लगभग कितने लाख किमी. है?
    (अ) 56 लाख (ब) 66 लाख (स) 76 लाख (द) 86 लाख ( )

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर :– 1. ब, 2. स, 3. ब, 4. स, 5. ब, 6. स, 7. अ, 8. अ, 9. द, 10. अ

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –

11. देश में पाईप लाईन परिवहन के ..... प्रमुख जाल है। (तीन)
12. भारत के लोग प्राचीन काल से ..... यात्राएँ करते रहे है। (समुद्री)
13. हल्दिया तथा इलाहाबाद के मध्य ..... जल मार्ग है। (गंगा)
14. दूरसंचार तंत्र में भारत एशिया महाद्वीप में ..... है। (अग्रणी)
15. समाचार पत्र लगभग ..... भाषाओं तथा बोलियों में प्रकाशित होते है। (100)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. जिला मार्ग से आप क्या समझते हैं?
2. भारत का सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का प्राधिकरण कौनसा है?
3. भारत में तीन रेल गेज कौन–कौनसे है?
4. पाईपलाईन परिवहन से क्या अभिप्राय है?
5. परिवहन से आप क्या समझते हैं?
6. व्यापार से आप क्या समझते हैं?
7. स्वर्णिम चतुर्भुज महाराजमार्ग योजना किन–किन स्थानों को मिलाती है?
8. पूर्व–पश्चिम गलियारा किन दो क्षेत्रों को जोड़ता है?
9. भारत के दो अन्तः स्थलीय जलमार्गों के नाम बताइए?
10. पर्यटन उद्योग में कितने लाख से अधिक व्यक्ति प्रत्यक्ष रूप से संलग्न है?
11. सड़क निर्माण में प्रयुक्त पदार्थ के आधार पर सड़के कितने प्रकार की होती है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–I

1. परिवहन और संचार में क्या अंतर है?
2. भारत में सड़क परिवहन की समस्याएँ कौन–कौनसी है?
3. भारतीय डाक व्यवस्था की तीन मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए?
4. पूर्वी तट पर स्थित किन्हीं पाँच पत्तनों के नाम लिखिए।
5. भारतीय दूर संचार तंत्र की विशेषताएँ लिखिए?
6. स्थल परिवहन से आप क्या समझते है?
7. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार किसे कहते है?
8. भारत में सड़कों के मुख्य प्रकार कितने है?
9. राष्ट्रीय राजमार्ग क्या है? संक्षेप में बताइये।
10. भारत में जल परिवहन का क्या महत्व है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–II

1. सड़क परिवहन रेल परिवहन से अधिक महत्वपूर्ण क्यों है?
2. परिवहन तथा संचार के विभिन्न साधनों को अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएँ क्यों कहा जाता है?
3. पाईपलाईन परिवहन के महत्व को समझाइये?
4. जन संचार क्या है? जन संचार के विभिन्न साधन कौनसे है?
5. भारत के पश्चिमी तट पर स्थित किन्हीं पाँच पत्तनों के नाम लिखिए। किन्हीं दो की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए?
6. जल परिवहन व वायु परिवहन में क्या अंतर है? स्पष्ट कीजिए।
7. परिवहन की बढ़ती महत्ता के कारणों पर प्रकाश डालिए।
8. परिवहन के साधनों का वर्गीकरण चार्ट बनाइये।
9. संचार सेवाओं की महत्ता पर प्रकाश डालिये
10. पर्यटन एवं व्यापार के महत्त्व पर प्रकाश डालिये।

निबन्धात्मक प्रश्न –

1. पिछले पन्द्रह वर्षों में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की बदलती प्रवृत्ति पर एक लेख लिखिए।
2. भारत में रेल परिवहन को विस्तार से समझाइये?
3. भारत के प्रमुख बंदरगाहों का विस्तार से वर्णन कीजिए।
4. भारत में सड़कों की सक्षमता के आधार पर इन्हें कितने वर्गों में वर्गीकृत किया गया है? विस्तार से लिखिए।
5. भारत के रेखा मानचित्र पर निम्न को दर्शाइए –

   (i) हल्दिया (ii) कोच्चि (iii) कांडला (iv) पाराद्वीप

   (v) कोलकाता

लोकतांत्रिक राजनीति

अध्याय–1

सत्ता की साझेदारी

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. बेल्जियम कौनसे महाद्वीप का देश है?

   (अ) एशिया (ब) यूरोप (स) अफ्रीका (द) आस्ट्रेलिया ( )

2. श्रीलंका में सामाजिक समूह सिंहलियों का कुल आबादी में कितना प्रतिशत है?

   (अ) 54% (ब) 64% (स) 74% (द) 84% ( )

3. श्रीलंका स्वतंत्र राष्ट्र बना –

   (अ) 1938 (ब) 1948 (स) 1958 (द) 1968 ( )

4. लेबनान की राजधानी है –

   (अ) बगदाद (ब) बेरूत (स) जर्मनी (द) फ्रांस ( )

5. रूस में कुछ नये कानून बने –

   (अ) 2001 (ब) 2002 (स) 2003 (द) 2005 ( )

6. श्रीलंका में सिंहली को एकमात्र राजभाषा घोषित किया गया –

   (अ) 1953 (ब) 1956 (स) 1960 (द) 1970 ( )

7. श्रीलंका की आबादी में इसाई लोगों का हिस्सा है –

   (अ) 2% (ब) 5% (स) 7% (द) 9% ( )

8. श्रीलंका में तमिलों की जनसंख्या कुल आबादी का प्रतिशत है –

   (अ) 9% (ब) 18% (स) 27% (द) 36% ( )

9. बेल्जियम की कुल आबादी का कितना प्रतिशत फ्लेमिश इलाके में रहता है?

   (अ) 50% (ब) 59% (स) 70% (द) 64% ( )

10. यूरोपीय संघ का मुख्यालय स्थित है –

    (अ) पेरिस (ब) ब्रूसेल्स (स) लंदन (द) जेनेवा ( )

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर :– 1. ब, 2. स, 3. ब, 4. ब, 5. द, 6. ब, 7. स, 8. ब, 9. ब, 10. ब

<u>रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –</u>

11. अल्पसंख्यक फ्रेंच भाषी लोग तुलनात्मक रूप से ज्यादा समृद्ध और ..... रहे है। (ताकतवर)

12. श्रीलंका एक ..... देश है। (द्वीपीय)

13. ब्रूसेल्स में अलग सरकार है और इसमें दोनो समुदायों का ..... प्रतिनिधित्व है। (समान)

14. पार्टियों में सत्ता के लिए आपस में ..... रहती है। (प्रतिस्पर्द्धा)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. शासन के तीन प्रमुख घटक कौनसे है?
2. गृह युद्ध से आप क्या समझते है?
3. श्रीलंका कब स्वतंत्र हुआ?
4. बेल्जियम के बेलोनिया क्षेत्र में कितने प्रतिशत लोग रहते है?
5. श्रीलंका में सिंहली को राजभाषा कब घोषित किया गया?
6. बेल्जियम के नेताओं ने 1970 और 1993 के बीच अपने संविधान में कितने संशोधन किए?
7. विक्रम की पीठ पर कौन बैठा था?
8. श्रीलंका में किन दो समुदायों के बीच संघर्ष जारी है?
9. सत्ता की साझेदारी का नैतिक तर्क क्या है?
10. बेल्जियम में वर्तमान में कौनसी शासन प्रणाली है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–I

1. बहुसंख्यकवाद से आप क्या समझते है?
2. नियंत्रण व संतुलन की व्यवस्था क्या है?
3. वैद्य सरकार किसे माना जाता है?
4. सत्ता के लिए किस प्रकार के बंटवारे को उर्ध्वाधर वितरण कहा जाता है?
5. खलील के माता–पिता कौन–कौन से धर्म के थे?
6. अल्पसंख्यक समुदाय से आप क्या समझते है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
7. नाईजीरिया के विभिन्न प्रांतो के वित्त मंत्रियों ने एक जुट होकर क्या मांग रखी?
8. बेल्जियम की जातीय बनावट को स्पष्ट कीजिए।

लघुत्तरात्मक प्रश्न–II

1. संघ सरकार से आप क्या समझते है?
2. सत्ता के उर्ध्वाधर वितरण से क्या अभिप्राय है?
3. सत्ता की साझेदारी किन–किन स्तरों पर हो सकती है?

4. श्रीलंका में तमिलों की क्या मांग थी? इसके लिए तमिलों ने किस प्रकार संघर्ष किया?
5. श्रीलंका में हुए जातीय संघर्ष पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए?
6. सत्ता के क्षैतिज वितरण व उर्ध्वाधर वितरण में क्या अन्तर है?

<u>निबन्धात्मक प्रश्न –</u>

1. सत्ता की साझेदारी के विभिन्न रूपों का वर्णन कीजिए?
2. भारतीय संदर्भ में सत्ता की हिस्सेदारी का एक उदाहरण देते हुए इसका एक युक्तिपरक और एक नैतिक कारण बताइये?
3. ''सत्ता की साझेदारी लोकतंत्र की आत्मा है'' श्रीलंका और बेल्जियम का उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।
4. प्रजातंत्र की परिभाषा लिखो। प्रजातंत्र में सत्ता की साझेदारी क्यों आवश्यक है?

अध्याय–2

संघवाद

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. संविधान में कितनी भाषाओं को अनुसूचित भाषा का दर्जा दिया गया है?
   (अ) 19 (ब) 20 (स) 21 (द) 22 ( )
2. भारत में विकेन्द्रीकरण की दशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया –
   (अ) 1971 (ब) 1992 (स) 1999 (द) 2005 ( )
3. ''विदेशी मामले'' किस सूची से संबंधित विषय है?
   (अ) राज्य सूची (ब) संघ सूची (स) समवर्त्ती सूची (द) इनमें से कोई नहीं ( )
4. राज्य सूची में शामिल विषय है –
   (अ) संचार (ब) शिक्षा (स) व्यापार (द) विवाह ( )
5. ''शिक्षा'' किस सूची से संबंधित है –
   (अ) राज्य सूची (ब) समवर्ती सूची (स) संघ सूची (द) इनमें से कोई नहीं ( )
6. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाओं को रखा गया है?
   (अ) 20 (ब) 21 (स) 22 (द) 23 ( )
7. वास्तविक विकेन्द्रीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया।
   (अ) 1990 (ब) 1991 (स) 1992 (द) 1993 ( )
8. निम्न में से कौनसी भाषा को संवैधानिक मान्यता नहीं मिली?
   (अ) गुजराती (ब) राजस्थानी (स) मैथिली (द) हिन्दी ( )
9. पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान है –
   (अ) 1/2 (ब) 3/4 (स) 1/4 (द) 1/3 ( )

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर :– 1. द, 2. ब, 3. ब, 4. स, 5. ब, 6. स, 7. स, 8. ब, 9. द

<u>रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –</u>

10. सन् ..... में भारत ने लोकतंत्र की राह पर अपनी जीवन यात्रा शुरू की। (1947)
11. भारत में पहला परमाणु परीक्षण राजस्थान के ..... में किया। (पोकरण)
12. संघीय शासन व्यवस्था एकात्मक शासन व्यवस्था से ठीक ..... है। (उलट)
13. नये राज्य बनाने के लिए ..... के दशक में भारत के कई पुराने राज्यों की सीमाएँ बदली। (1950)
14. राजभाषा के रूप में ..... को बढ़ावा देने की भारत सरकार की नीति बनी हुई है। (हिन्दी)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. केन्द्र व राज्य सरकारों के बीच विधायी अधिकारों को कितने हिस्सों में बांटा गया है?
2. ''राज्य सूची'' में कौन–कौनसे विषय आते है?
3. मातृभाषा से आप क्या समझते हैं?
4. मेयर कौन होता है?
5. राजभाषा किसे कहते है?
6. संविधान में कितनी भाषाओं को अनुसूचित भाषा का दर्जा दिया गया है?
7. राज्य पुनर्गठन आयोग की रिपोर्ट को कब लागू किया गया?
8. पंचायती राज से आप क्या समझते है?
9. ग्राम पंचायत के प्रधान को क्या कहा जाता है?
10. ग्राम सभा के सदस्य कौन होते है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–I

1. संघ सूची में शामिल विषय कौन–कौनसे है?
2. ''समवर्त्ती सूची'' में शामिल विषय कौनसे है?
3. विकेंद्रीकरण से आप क्या समझते है?
4. संघीय शासन व्यवस्था से आप क्या समझते है?
5. 'सत्ता का उर्ध्वाधर बंटवारा' का आशय स्पष्ट कीजिए?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–II

1. एकात्मक शासन व्यवस्था से आप क्या समझते है?
2. गठबंधन सरकार से आप क्या समझते है?
3. लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था से आप क्या समझते है?
4. भारत की भाषा नीति को स्पष्ट कीजिए?
5. शक्तियों के विकेन्द्रीकरण के पीछे मूल भावना क्या है?

निबन्धात्मक प्रश्न –

1. 1992 के संविधान संशोधन के क्या प्रावधान है?
2. संघीय व्यवस्था की महत्वपूर्ण विशेषताओं का वर्णन कीजिए?
3. संघीय और एकात्मक शासन व्यवस्था में अंतर स्पष्ट कीजिए।
4. भारत में पंचायती राज व्यवस्था के संगठन पर विस्तार से अपने विचार लिखिए।
5. भारत में केन्द्र–राज्य संबंधों में आये बदलावों पर अपने विचार लिखिए।

अध्याय–3

जाति–धर्म और लैंगिक मसले

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. महिलाओं की साक्षरता की वर्तमान प्रतिशत दर है –

   (अ) 54% (ब) 64% (स) 50% (द) इनमें से कोई नहीं ( )

2. हमारे देश में लिंगानुपात है –

   (अ) 818 (ब) 919 (स) 717 (द) 616 ( )

3. 2019 में पहली बार महिला सांसदों का प्रतिशत है –

   (अ) 13.36% (ब) 15.3% (स) 14.36% (द) 16.66% ( )

4. 2011 में देश की आबादी में अनुसूचित जातियों का हिस्सा है –

   (अ) 16.6% (ब) 15.5% (स) 14.4% (द) 13.3% ( )

5. 2011 की जनगणना के अनुसार हिन्दुओं की आबादी प्रतिशत है –

   (अ) 60% (ब) 70% (स) 79.8% (द) 80% ( )

6. 2011 की जनगणना के अनुसार निम्न में से किस धार्मिक समुदाय की आबादी सर्वाधिक है –

   (अ) सिक्ख (ब) बौद्ध (स) मुस्लिम (द) जैन ( )

7. भारत में महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था है –

   (अ) राज्यसभा में (ब) लोकसभा में (स) विधानसभा में (द) पंचायती राज की संस्थाएँ ( )

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर :– 1. अ, 2. ब, 3. स, 4. अ, 5. स, 6. स, 7. द

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –

8. औरतों के साथ अभी भी कई तरह के ..... होते है। (भेदभाव)
9. भारत के अनेक हिस्सों में मां–बाप को सिर्फ ..... चाह होती है। (बेटे की)
10. शहरी इलाके तो ..... के लिए खास तौर पर असुरक्षित है। (महिलाओं)
11. समस्याएँ तब शुरू होती है जब ..... को राष्ट्र का आधार मान लिया जाता है। (धर्म)
12. साम्प्रदायिक आधार पर राजनीतिक ..... साम्प्रदायिकता का दूसरा रूप है। (गोलबंदी)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. लिंगानुपात से आप क्या समझते है?
2. 2011 की जनगणना के अनुसार लिंगानुपात कितना है?
3. 2019 के लोकसभा निर्वाचन में महिला सांसदों की संख्या कितने प्रतिशत है?

4. 2011 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जन–जातियों का हिस्सा कितना फीसदी था?
5. ''वोट बैंक'' से आप क्या समझते है?
6. किन्हीं दो प्रावधानों का जिक्र करें जो भारत को धर्मनिरपेक्ष बनाते है?
7. गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने वाले लोगों से आप क्या समझते है?
8. ''आर्थिक असमानता'' से आशय स्पष्ट कीजिए।

<u>लघुत्तरात्मक प्रश्न–I</u>

1. 2011 की जनगणना के अनुसार पुरूष और महिला साक्षरता कितनी है?
2. लैंगिक असमानता का आधार क्या है?
3. जाति और राजनीति में क्या संबंध है?
4. वर्ण–व्यवस्था से आप क्या समझते है?
5. 'अनुसूचित जाति' व 'अनुसूचित जनजाति' के नाम के आगे ''अनुसूचित'' शब्द क्यों लगाया जाता है?
6. शहरीकरण से आप क्या समझते है?
7. ''सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार'' से आप क्या समझते है?

<u>लघुत्तरात्मक प्रश्न–II</u>

1. गांधीजी के अनुसार धर्म क्या है?
2. ''पित्र प्रधान समाज'' से आप क्या समझते है?
3. पारिवारिक कानून से क्या अभिप्राय है?
4. साम्प्रदायिकता से आप क्या समझते है?
5. धर्म निरपेक्ष शासन से आप क्या समझते है?
6. ''नारीवाद आंदोलन'' से आप क्या समझते है?
7. ''भारत में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बहुत कम है''। अपने विचार लिखिए।
8. श्रम के लैंगिक विभाजन से आप क्या समझते है?

<u>निबन्धात्मक प्रश्न –</u>

1. भारत में लैंगिक मसले क्या है? इसके सुधार हेतु उचित सुझाव दीजिए।
2. भारत में महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व की प्रगति की समीक्षा कीजिए।
3. जीवन के उन विभिन्न पहलुओं का जिक्र करें, जिनमें भारत में स्त्रियों के साथ भेदभाव होता है या वे कमजोर स्थिति में होती है।
4. हमारे देश में 'धर्म निरपेक्ष' राज्य से आप क्या समझते है? विवेचना कीजिए।

अध्याय–4

राजनीतिक दल

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. बहुजन समाज पार्टी का गठन हुआ –

   (अ) 1981 (ब) 1982 (स) 1983 (द) 1984 ( )

2. 2019 में देश में कितने दल राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त थे?

   (अ) 7 (ब) 6 (स) 5 (द) 4 ( )

3. ऑल इण्डिया तृणमूल कांग्रेस पार्टी का निर्माण हुआ।

   (अ) 1996 (ब) 1997 (स) 1998 (द) 1999 ( )

4. देश की हर पार्टी को अपना पंजीकरण कराना पड़ता है –

   (अ) निर्वाचन आयोग में (ब) विधानसभा में

   (स) राज्य सभा में (द) लोक सभा में ( )

5. बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक है –

   (अ) साहू महाराज (ब) ज्योतिबा फूले (स) कांशीराम (द) बी.आर. अम्बेडकर ( )

6. राजनीतिक दल के कितने प्रमुख हिस्से है –

   (अ) 1 (ब) 2 (स) 3 (द) 4 ( )

7. भारतीय जनता पार्टी (जनसंघ) का गठन हुआ –

   (अ) 1949 (ब) 1950 (स) 1951 (द) 1952 ( )

8. भारतीय जनता पार्टी का मुख्य प्रेरक सिद्धांत क्या है ?

   (अ) बहुजन समाज (ब) क्रांतिकारी लोकतंत्र

   (स) समग्र मानवतावाद (द) आधुनिकता ( )

9. राजनीतिक दल जो सरकार बनाता है, कहलाता है –

   (अ) विरोधी दल (ब) सत्ताधारी दल

   (स) छाया दल (द) इनमें से कोई नहीं ( )

   वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर :– 1. द, 2. अ, 3. स, 4. अ, 5. स, 6. स, 7. स, 8. स, 9. ब

<u>रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –</u>

10. चुनाव लड़ने और सरकार में सत्ता संभालने के लिए एक जुट हुये लोगों के समूह को ..... कहते है। (सत्ताधारी दल)

11. राजनीतिक दल के ..... प्रमुख हिस्से है। (तीन)
12. सामूहिक हित एक ..... विचार है। (विवादास्पद)
13. पार्टियाँ देश के कानून निर्माण में ..... भूमिका निभाती है। (महत्वपूर्ण)
14. बड़े फैसलों के मामले में निर्णय ..... ही लेते है। (राजनेता)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. राजनीतिक दल का क्या अभिप्राय है?
2. हमारे देश में कितने राष्ट्रीय दल है?
3. दो दलीय व्यवस्था वाले किन्हीं दो देशों के नाम बताइये?
4. राजनीतिक दल के प्रमुख हिस्सों के नाम लिखिए।
5. हमारे देश में चुनाव आयोग में नाम पंजीकृत कराने वाले दलों की संख्या कितनी है?
6. इंडियन नेशनल कांग्रेस की स्थापना कब हुई?
7. नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी कब बनी?
8. भारतीय जनता पार्टी का संस्थापक कौन है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–I

1. राजनीतिक पार्टियों का पंजीकरण कहाँ होता है?
2. कोई चार राष्ट्रीय दलों के नाम लिखिए।
3. राष्ट्रीय पार्टी से आप क्या समझते हैं?
4. क्षैत्रीय पार्टी से आप क्या समझते हैं?
5. चुनाव हारने वाले दल की क्या भूमिका होती है?
6. अमेरिका व ब्रिटेन में कितने दलीय व्यवस्था है?
7. शपथ–पत्र से आप क्या समझते है?
8. जनमत निर्माण से आप क्या समझते है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–II

1. बहुदलीय व्यवस्था किसे कहते है?
2. राष्ट्रीय दल की मान्यता के मापदण्ड क्या है?
3. मान्यता प्राप्त दल से आपका अभिप्राय क्या है?
4. राजनीतिक दल के कार्य बताइये?

5. शासक दल से आप क्या समझते है?
6. कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया के बारे में आप क्या जानते है?
7. ''ऑल इण्डिया तृणमूल कांग्रेस'' पर टिप्पणी लिखिए।

<u>निबन्धात्मक प्रश्न –</u>

1. लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की विभिन्न भूमिकाओं की चर्चा कीजिए।
2. राजनीतिक दलों के सामने प्रमुख चुनौतियाँ क्या है? विवेचना कीजिए।
3. राजनीतिक दल अपना कार्य बेहतर ढंग से करें, इसके लिए उन्हें मजबूत बनाने के लिए सुझाव दें।
4. आपकी दृष्टि में राजनीतिक दल का नेता कैसा होना चाहिए। विस्तार से लिखिए।

अध्याय–5

लोकतंत्र के परिणाम

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. लोकतांत्रिक व्यवस्था के संदर्भ में इनमें से कौनसा विचार सही है?

   लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं ने सफलतापूर्वक –

   (अ) लोगों के बीच टकराव को समाप्त कर दिया है।

   (ब) लोगों के बीच की आर्थिक असमानताएँ समाप्त कर दी है।

   (स) हासिये के समूहों से कैसा व्यवहार हो, इस बारे में सारे मतभेद मिटा दिये है।

   (द) राजनीतिक गैर बराबरी के विचार को समाप्त कर दिया है। ( )

2. लोकतंत्र के मूल्यांकन के लिहाज से इनमें से कोई एक चीज लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के अनुरूप नहीं है। उसे चुने –

   (अ) स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव (ब) व्यक्ति की गरिमा

   (स) बहुसंख्यकों का शासन (द) कानून के समक्ष समानता ( )

3. लोकतांत्रिक व्यवस्था के राजनीतिक और सामाजिक असमानताओं के बारे में किये गये अध्ययन बताते है कि–

   (अ) लोकतंत्र और विकास साथ ही चलते है।

   (ब) लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में असमानताएँ बनी रहती है।

   (स) तानाशाही में असमानताएँ नहीं होती।

   (द) तानाशाही लोकतंत्र से बेहतर साबित हुई है। ( )

   वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर :– 1. द, 2. स, 3. ब

<u>रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –</u>

4. लोकतांत्रिक सरकारें सदा नागरिकों के ..... का सम्मान नहीं करती। (अधिकारों)
5. लोकतांत्रिक व्यवस्था राजनीतिक ..... पर आधारित होती है। (समानता)

<u>अति लघुत्तरात्मक प्रश्न–</u>

1. लोकतंत्र से आप क्या समझते है?
2. कौनसे देश में आर्थिक असमानता सबसे कम है?
3. प्रजातंत्र में निर्णय लेने में देरी क्यों होती है?

4. लोकतंत्र का कोई एक गुण बताइये?
5. कोई चार देशों के नाम लिखो जहाँ पर लोकतांत्रिक व्यवस्था है?
6. संविधान से क्या अभिप्राय है?
7. बहुमत के शासन का क्या आशय है?

<u>लघुत्तरात्मक प्रश्न–I</u>

1. लोकतंत्र की सफलता के लिए चार सुझाव दीजिए?
2. लोकतंत्र में सरकारें जनता के प्रति क्यों उत्तरदायी होती है?
3. पारदर्शी शासन से क्या अभिप्राय है?
4. लोकतंत्र एक वैद्य शासन व्यवस्था है? स्पष्ट किजिए।
5. लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ अक्सर लोगों को उनकी जरूरतों के लिए तरसाती है? स्पष्ट कीजिए।

<u>लघुत्तरात्मक प्रश्न–II</u>

1. लोकतंत्र नागरिकों की गरिमा व आजादी में किस प्रकार सहायक है?
2. लोकतांत्रिक और तानाशाही शासन व्यवस्था में क्या अन्तर है?
3. लोकतंत्र की आर्थिक उपलब्धियों को बताइये?
4. आर्थिक संवृद्धि और विकास में क्या अंतर है?
5. लोकतंत्र अन्य शासन व्यवस्थाओं से किस प्रकार बेहतर है?
6. लोकतंत्र सामाजिक विविधताओं का बेहतर सामंजस्य करता है। स्पष्ट कीजिए।

<u>निबन्धात्मक प्रश्न –</u>

1. लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था किन कारणों की वजह से आलोचना का शिकार रही है?
2. लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था सामाजिक व आर्थिक कल्याण में किस प्रकार महत्वपूर्ण है?
3. लोकतंत्र के परिणामों का मूल्यांकन कीजिए।
4. लोकतंत्र किस तरह उत्तरदायी, जिम्मेवार और वैद्य सरकार का गठन करता है?

सामाजिक विज्ञान

आर्थिक विकास की समझ (अर्थशास्त्र)

अध्याय–1

विकास

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्र.1 प्रतिव्यक्ति आय है –

(अ) देश की कुल आय / कुल जनसंख्या (ब) कुल जनसंख्या / देश की कुल आय

(स) सकल घरेलू उत्पाद / कुल जनसंख्या (द) कुल जनसंख्या / सकल घरेलू उत्पाद ( )

प्र.2 आर्थिक सर्वेक्षण 2019–20 के अनुसार सर्वाधिक प्रति व्यक्ति आय हैं–

(अ) राजस्थान की (ब) हरियाणा की (स) बिहार की (द) उत्तरप्रदेश की ( )

प्र.3 किसी 'सामान्य' शरीर द्रव्यमान सूचकांक (BMI) का मापदंड है –

(अ) –4 से –2 (ब) –2 से 0 (स) –2 से 2 (द) 2 से 4 ( )

प्र.4 UNBP-2018 की मानव सूचकांक रिपोर्ट में भारत का स्थान है –

(अ) 135 वाँ (ब) 140 वाँ (स) 130 वाँ (द) 110 वाँ ( )

प्र.5 प्रतिव्यक्ति आय की गणना (वैश्विक स्तर) पर की जाती है –

(अ) रूपये में (ब) पाउण्ड में (स) स्टर्लिंग में (द) डॉलर में ( )

प्र.6 किसी देश का विकास किस आधार पर निर्धारित किया जा सकता है?

(अ) प्रतिव्यक्ति आय (ब) साक्षरता स्थिति (स) औसत साक्षरता (द) उपर्युक्त सभी ( )

प्र.7 निम्नलिखित पड़ोसी देशों में मानव विकास के लिहाज से किस देश की स्थिति भारत से बेहत्तर है?

(अ) बांग्लादेश (ब) श्रीलंका (स) नेपाल (द) पाकिस्तान ( )

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर :– 1. अ, 2. ब, 3. स, 4. स, 5. द, 6. द, 7. ब

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –

प्र.8 औसत आय को ..... आय भी कहते है। (प्रतिव्यक्ति आय)

प्र.9 भूमिगत जल ..... साधन का उदाहरण है। (नवीकरणीय)

प्र.10 ..... के लिये लोग मिले जुले लक्ष्यों को देखते है। (विकास)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न–

प्र.1 सरदार सरोवर बांध किस नदी पर बनाया गया हैं?

प्र.2 साक्षरता दर से आप क्या समझते हैं?

प्र.3 BMI क्या है? इसे कैसे ज्ञात कर सकते हैं?

प्र.4 विश्व बैंक के मापदण्डो के अनुसार मध्यम आय वर्ग के देश का मानक क्या हैं?

प्र.5 मानव विकास सूचकांक किस संस्था द्वारा जारी किया जाता हैं?

प्र.6 शिशु मृत्यु दर से आप क्या समझते हैं?

प्र.7 शिशु जन्मदर से क्या अभिप्रायः हैं?

प्र.8 विकास की धारणीयता से क्या आशय हैं?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–I

प्र.1 औसत आय किस प्रकार ज्ञात की जाती हैं?

प्र.2 विभिन्न राज्यों या देशों की तुलना किस आधार पर की जाती हैं?

प्र.3 मानव विकास सूचकांक का क्या महत्व हैं?

प्र.4 विकास के अन्तर्गत सामान्यतः लोग किन लक्ष्यों को प्राप्त करना चाहते हैं?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–II

प्र.1 नवीकरण व गैर–नवीकरण साधनों में क्या अन्तर हैं?

प्र.2 विश्व बैंक व संयुक्त राष्ट्र संघ की विकास अवधारणाओं में क्या अन्तर हैं?

प्र.3 सार्वजनिक सुविधाओं से आप क्या समझते हैं?

प्र.4 आर्थिक विकास में स्वास्थ्य की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

निबन्धात्मक प्रश्न –

प्र.1 निम्नांकित को स्पष्ट कीजिए।

(A) विकास या धारणीय विकास।

(B) भारत में ऊर्जा स्त्रोत व उनकी भावी संभावनाएँ।

प्र.2 पर्यावरण में गिरावट के कारकों पर प्रकाश डालिये।

प्र.3 एक विकसित देश बनाने हेतु हमें क्या प्रयास करने पड़ेंगे?

अध्याय–2

भारतीय अर्थव्यवस्था के क्षेत्रक

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्र.1 कौनसा विकास सेवा क्षेत्र को व्यक्त नहीं करता है?

(अ) डेयरी उत्पादन (ब) परिवहन (स) भण्डारण (द) संचार ( )

प्र.2 'सकल' घरेलू उत्पाद है –

(अ) कृषि क्षेत्र + औद्योगिक क्षेत्र (ब) औद्योगिक क्षेत्र + सेवा क्षेत्र

(स) कृषि क्षेत्र + औद्योगिक क्षेत्र + सेवा क्षेत्र (द) कृषि क्षेत्र + सेवा क्षेत्र ( )

प्र.3 भारत में सबसे बड़ा उत्पादक क्षेत्र है –

(अ) कृषि क्षेत्र (ब) औद्योगिक क्षेत्र (स) सेवा क्षेत्र (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

प्र.4 भारत का सर्वाधिक रोजगार क्षेत्रक है –

(अ) सेवा क्षेत्र (ब) कृषि क्षेत्र

(स) औद्योगिक क्षेत्र (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

प्र.5 अल्प बेरोजगारी तब होती है जब लोग –

(अ) काम करना नहीं चाहते (ब) काम मंद गति से कर रहे है

(स) अपनी क्षमता से कम काम कर रहे हैं (द) उनके काम हेतु भुगतान नहीं किया जाता ( )

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर :– 1. अ, 2. स, 3. स, 4. ब, 5. स

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –

प्र.6 ..... क्षेत्रक में श्रमिक वस्तुओं का उत्पादन नहीं करते हैं। (तृतीयक)

प्र.7 भारत में ..... अनुपात में श्रमिक असंगठित क्षेत्रक में काम कर रहे हैं। (बड़े)

प्र.8 कपास एक ..... उत्पाद है और कपड़ा एक .....उत्पाद हैं। (प्राकृतिक / विनिर्मित)

प्र.9 प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्रकों की गतिविधियाँ ..... निर्भर है। (परस्पर)

प्र.10 सेवा क्षेत्रक में रोजगार में उत्पादन के समान अनुपात में वृद्धि ..... हुई है। (नहीं)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न–

प्र.1 सकल घरेलू उत्पादक को परिभाषित कीजिए?

प्र.2 भारत में रोजगार क्षेत्रक में हिस्सेदारी को घटते क्रम में लिखिए?

प्र.3 'अल्प बेरोजगारी' से क्या आशय हैं?

प्र.4 महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी अधिनियम कब लागू हुआ एवं इसमें कितने दिनों की रोजगार की गारंटी दी गई?

प्र.5 स्वामित्व आधारित क्षेत्रक कौन से है? नाम लिखिए।

प्र.6 कृषि क्षेत्रक की कोई दो समस्याएँ लिखिए?

प्र.7 'सेवा क्षेत्र' के कोई चार उदाहरण दीजिए?

प्र.8 'औद्योगिक क्षेत्र' के दो उदाहरण लिखिए जो आपके जिले में स्थित हो?

<u>लघुत्तरात्मक प्रश्न–I</u>

प्र.1 प्राथमिक क्षेत्रक, द्वितीयक क्षेत्रक व तृतीयक क्षेत्रक की गतिविधियों की क्या विशेषताएँ हैं?

प्र.2 ग्रामीण क्षेत्र हेतु 'कृषि' क्यों महत्वपूर्ण हैं?

प्र.3 'संगठित' व 'असंगठित' रोजगार क्षेत्र से आप क्या समझते हैं? दो उदाहरण दीजिए।

प्र.4 संगठित क्षेत्रक व असंगठित क्षेत्रक में कोई चार अन्तर लिखिए।

प्र.5 'सार्वजनिक' क्षेत्रक क्यों आवश्यक है? कारण प्रस्तुत कीजिए।

प्र.6 प्रच्छन्न बेरोजगारी से क्या अभिप्राय हैं?

<u>लघुत्तरात्मक प्रश्न–II</u>

प्र.1 भारत में तृतीयक क्षेत्रक क्यों महत्वपूर्ण बनता जा रहा है? कारण लिखिए।

प्र.2 अल्प बेरोजगारी व प्रच्छन्न बेरोजगारी में क्या अन्तर है?

प्र.3 असंगठित क्षेत्रक की क्या समस्याएँ हैं? यह क्यों असुरक्षित माना जाता है?

प्र.4 भारत में 1973–74 से 2013–14 में कृषि, उद्योग व सेवा क्षेत्र की भूमिका में क्या अन्तर आया?

प्र.5 महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के उद्देश्य लिखिए।

<u>निबन्धात्मक प्रश्न –</u>

प्र.1 भारत में रोजगार के विभिन्न क्षेत्रक उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए? इन क्षेत्रों की रोजगार सृजन की स्थिति बताते हुए अतिरिक्त रोजगार सृजन के उपाय सुझाइये।

प्र.2 'मनरेगा 2005' के विभिन्न प्रावधान लिखिए।

अध्याय–3

मुद्रा व साख

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्र.1 बैंकों के ऋणों के औपचारिक स्त्रोतों की कार्यप्रणाली पर नियंत्रण करता है –

(अ) भारतीय रिजर्व बैंक (ब) सहकारी समितियां

(स) स्वयं सहायता समूह (द) राज्य सरकारें ( )

प्र.2 ऋण के औपचारिक स्त्रोत में शामिल नहीं है –

(अ) व्यावसायिक बैंक (ब) सहकारी समिति (स) नियोक्ता (द) ग्रामीण बैंक ( )

प्र.3 उधार देने का नवीनतम विकसित स्त्रोत है –

(अ) निजी बैंक (ब) स्वयं सहायता समूह

(स) ग्रामीण बैंक (द) व्यावसायिक बैंक ( )

प्र.4 प्रो. मोहम्मद युनूस के संदर्भ में असत्य है –

(अ) वे बांग्लादेश में ग्रामीण बैंक के संस्थापक

(ब) 2006 में 'शांति' के लिए नोबल पुरस्कार से सम्मानित

(स) 2006 में 'अर्थशास्त्र' हेतु नोबल पुरस्कार से सम्मानित

(द) उपर्युक्त सभी ( )

प्र.5 बैंक जमा का कितना प्रतिशत हिस्सा नकद के रूप में अपने पास रखते है?

(अ) 5% (ब) 10% (स) 15% (द) 20% ( )

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर :– 1. अ, 2. स, 3. ब, 4. स, 5. स

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –

प्र.6 ..... ऋण की लागत और ऋण का बोझ बढ़ाती है। (उच्च ब्याज दर)

प्र.7 बैंक ..... पर देने वाले ब्याज से ऋण पर अधिक ब्याज लेते है। (जमाओं)

प्र.8 नवम्बर 2016 में ..... व ..... रूपये के करेंसी नोटों को अमान्य घोषित कर दिया गया। (500 / 1000)

प्र.9 मुद्रा स्टॉक ..... के पास ..... तथा बैंकों में मांग जमाओं से मिलकर मुद्रा स्टॉक बनता है। (जनता / करैंसी)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न–

प्र.1 'नकदीहित लेन देन' के कोई दो माध्यम लिखिए?

प्र.2 विमुद्रीकरण से क्या अभिप्राय है?

प्र.3 स्वयं सहायता समूह से आप क्या समझते हैं?

प्र.4 'मांग जमा' क्या होती है?

प्र.5 भारत में करेंसी नोट किसके द्वारा जारी किये जाते है?

प्र.6 'भारतीय मुद्रा' किस नाम से जानी जाती है?

प्र.7 मुद्रा के कोई दो आधुनिक रूप लिखिए।

लघुत्तरात्मक प्रश्न–I

प्र.1 मुद्रा को विनिमय का माध्यम स्वीकार करने के कोई दो कारण लिखिए?

प्र.2 आर्थिक गतिविधियों में बैंकों की क्या भूमिका है?

प्र.3 भारत में औपचारिक व अनौपचारिक साख के स्त्रोत के नाम लिखिए।

प्र.4 ऋण से आप क्या समझते हैं?

प्र.5 ऋण के औपचारिक व अनौपचारिक स्त्रोतों में कोई दो अन्र लिखिए।

प्र.6 नकदी रहित लेन देन के कोई दो कारण लिखिए, जिसमें इसे प्रोत्साहन दिया जाता है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–II

प्र.1 स्वयं सहायता समूह के कोई चार महत्व लिखिये?

प्र.2 ग्रामीण क्षेत्रों में 'औपचारिक' ऋण स्त्रोत का विस्तार क्यों आवश्यक है? कारणों को स्पष्ट कीजिये।

प्र.3 क्या ऋण लेना बुरा है? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क प्रस्तुत कीजिए।

प्र.4 100, 200 व 500 रूपये के नोट देखिए व उन पर किस भारतीय विरास्त को दर्शाया गया है? बताइये।

प्र.5 भारत में 'ऋण' व्यवस्था में क्या समस्याएँ है? लिखिये।

प्र.6 स्वयं सहायता समूह 'औपचारिक साख स्त्रोत' से किस प्रकार भिन्न है? स्पष्ट कीजिए।

निबन्धात्मक प्रश्न –

प्र.1 भारत में ऋण स्त्रोतों का उल्लेख करते हुए स्पष्ट कीजिए कि इन स्त्रोतों के साथ किस प्रकार की समस्याएँ जुड़ी हुई है? समाधान सुझाइए।

प्र.2 गरीबों के लिए स्वयं सहायता समूहों के संगठनों के पीछे मूल विचार क्या है? अपने शब्दों में व्याख्या कीजिए।

प्र.3 औपचारिक तथा अनौपचारिक साख स्त्रोतों में अन्तर स्पष्ट कीजिए। कोई आठ अन्तर बिन्दुवार लिखिए।

अध्याय–4

वैश्वीकरण व अर्थव्यवस्था

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्र.1 किसी देश में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की स्थापना में महत्वपूर्ण कारण है –

(अ) बाजार से नजदीकी (ब) कुशल व अकुशल श्रम की उपलब्धता

(स) सरकारी नीतियाँ (द) उपर्युक्त सभी ( )

प्र.2 कौनसी बहुराष्ट्रीय कम्पनी अमरीकी नहीं है?

(अ) करगिल फूड्स (ब) फोर्ड मोटर्स (स) कोका कोला (द) नोकिया ( )

प्र.3 विश्व की सबसे महंगी मोटर गाड़ी निर्माता कम्पनी है –

(अ) महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा (ब) होण्डा मोटर्स

(स) फोर्ड मोटर्स (द) मारूति–सुजूकि ( )

प्र.4 कौनसा वैश्वीकरण का परिणाम है –

(अ) तीव्र वैश्विक एकीकरण (ब) निवेश व प्रौद्योगिकी का आदान–प्रदान

(स) वस्तुओं व सेवाओं में निवेश (द) उपर्युक्त सभी ( )

प्र.5 कौनसी भारतीय कम्पनी नहीं है?

(अ) टाटा मोटर्स (ब) इंफोसिस (स) रैन बैक्सी (द) करगिल फुड्स ( )

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर :– 1. द, 2. द, 3. स, 4. द, 5. द

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –

प्र.6 आयात पर कर ..... का एक उदाहरण है। (व्यापार अवरोधक)

प्र.7 विश्व के लगभग ..... देश विश्व व्यापार संगठन के सदस्य है। (160)

प्र.8 भारत में सन् ..... के प्रारम्भ से नीतियों में कुछ दूरगामी परिवर्तन किये गए। (1991)

प्र.9 विभिन्न देशों के बीच परस्पर सम्बन्ध और तीव्र एकीकरण की प्रक्रिया ..... है। (वैश्वीकरण)

प्र.10 विदेशी व्यापार का एक बड़ा भाग ..... कम्पनियों द्वारा नियंत्रित है। (बहुराष्ट्रीय)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न–

प्र.1 'WTO'का पूरा नाम लिखिए।

प्र.2 भारत की किन्ही चार बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के नाम लिखिए।

प्र.3 भारत में रोजगार प्रदाता दो सर्वोच्च क्षेत्रों के नाम लिखिये।

प्र.4 वैश्वीकरण की दृष्टि से कौन से वर्ष में दूरगामी नीतिगत परिवर्तन किये गये?

प्र.5 'कोटा' से आप क्या समझते हैं?

प्र.6 उदारीकरण से आप क्या समझते हैं?

प्र.7 कौनसा वैश्विक संगठन विश्व व्यापार से सम्बन्धित नियमों को निर्धारित करता हैं?

प्र.8 'निवेश' से क्या अभिप्राय है?

प्र.9 ई–मेल का पूरा नाम लिखिए।

<u>लघुत्तरात्मक प्रश्न–I</u>

प्र.1 दो कारण लिखिये जो भारत में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों हेतु महत्वपूर्ण हैं?

प्र.2 'बहुराष्ट्रीय कम्पनी' से आप क्या समझते है? इनकी कोई दो विशेषताएँ लिखिये।

प्र.3 बहुराष्ट्रीय कम्पनी किस प्रकार लाभकारी है?

प्र.4 विदेशी व्यापार के बुनियादी कार्य क्या हैं?

प्र.5 वैश्वीकरण को परिभाषित कीजिए।

प्र.6 विभिन्न देशों को जोड़ने हेतु 4 माध्यम लिखिये, जो आर्थिक गतिविधियों हेतु भी महत्वपूर्ण हो।

<u>लघुत्तरात्मक प्रश्न–II</u>

प्र.1 किन कारणों ने वैश्वीकरण को सुगमता प्रदान की? स्पष्ट कीजिये।

प्र.2 वैश्वीकरण व विदेशी निवेश आकर्षित करने हेतु भारत सरकार द्वारा उठाये गये कदमों की विवेचना कीजिये।

प्र.3 1991 के पूर्व की व 1991 के बाद की भारतीय अर्थव्यवस्था में आये परिवर्तन का संक्षेप में उल्लेख कीजिये।

प्र.4 बहुराष्ट्रीय कम्पनीयाँ अन्य कम्पनियों से किस प्रकार भिन्न हैं?

<u>निबन्धात्मक प्रश्न –</u>

प्र.1 बहुराष्ट्रीय कम्पनीयाँ अर्थव्यवस्था में किस प्रकार बदलाव ला रही है? स्पष्ट कीजिए।

प्र.2 क्या ''वैश्वीकरण व उदारीकरण'' की प्रक्रिया सदैव किसी देश हेतु लाभकारी होती है? अपने उत्तर का तार्किक समर्थन दीजिये।

प्र.3 वैश्वीकरण व उदारीकरण ने आम लोगों को किस प्रकार प्रभावित किया है? स्पष्ट कीजिए।

प्र.4 'न्यायसंगत' वैश्वीकरण हेतु सुझाव प्रस्तुत कीजिये।

अध्याय–5

उपभोक्ता अधिकार

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्र.1 भारत में उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू किया गया –

(अ) 1984 (ब) 1985 (स) 1986 (द) 1987 ( )

प्र.2 कौनसा उपभोक्ता त्रिस्तरीय तंत्र का स्तर नहीं है?

(अ) तहसील (ब) जिला (स) राज्य (द) राष्ट्रीय ( )

प्र.3 वस्तुओं और सेवाओं के लिये मानक प्रदान करता है –

(अ) भारतीय मानक ब्यूरो (ब) एगमार्क

(स) उपभोक्ता इन्टरनेशनल (द) फूड फोर्टिफिकेश ( )

प्र.4 असंगत को पृथक कीजिए –

(अ) राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 24 दिसम्बर (ब) सूचना प्राप्त करने का अधिकार अक्टूबर–2005

(स) न्यूनतम खुदरा मूल्य (द) हॉलमार्क, एगमार्क, प्ै मानक शब्द चिह्न ( )

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर :– 1. स, 2. अ, 3. अ, 4. स

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –

प्र.5 बाजार में हमारी भागीदारी उत्पादक और ..... दोनों रूपों में होती है। (उपभोक्ता)

प्र.6 उपभोक्ता आन्दोलन का प्रारम्भ उपभोक्तओं के ..... के कारण हुआ। (असंतोष)

प्र.7 ..... के दशक में व्यवस्थित रूप से उपभोक्ता आन्दोलन का उदय हुआ। (1960)

प्र.8 ..... ई. में संयुक्त राष्ट्र ने उपभोक्ता सुरक्षा के लिये संयुक्त राष्ट्र के दिशा–निर्देशों को अपनाया। (1985)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न–

प्र.1 'COPRA' से आप क्या समझते हैं?

प्र.2 सूचना का अधिकार अधिनियम भारत में किस वर्ष लागू हुआ?

प्र.3 'MRP'का पूरा नाम लिखिए।

प्र.4 राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस कब मनाया जाता है?

प्र.5 'हॉलमार्क' से आप क्या समझते हैं?

प्र.6 'एगमार्क' से आप क्या समझते हैं?

प्र.7 'क्लास एक्शन सूट' से आप क्या समझते हैं?

प्र.8 उपभोक्ता विवादों के निपटारे हेतु त्रिस्तरीय न्यायिक तंत्र व्यवस्था के स्तर लिखिये।

प्र.9 'उपभोक्ता इन्टरनेशनल' से आप क्या समझते हैं?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–I

प्र.1 भारत में 'उपभोक्ता आन्दोलन' के कोई चार कारण लिखिये।

प्र.2 उपभोक्ता के संदर्भ में चुनने का अधिकार क्या है?

प्र.3 'RTI'से आप क्या समझते हैं?

प्र.4 'क्षतिपूर्ति निवारण' के अधिकार से आप क्या समझते हैं?

प्र.5 'लोगो' से आप क्या समझते हैं?

प्र.6 'जागरूक उपभोक्ता' बनने हेतु हमें क्या सावधानियाँ रखनी चाहिये?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–II

प्र.1 भारत में उपभोकता न्यायिक तंत्र व इसकी सीमा राशि में दर्शाइये?

प्र.2 उपभोक्ता को प्राप्त किन्ही पाँच अधिकारों का उल्लेख कीजिये?

प्र.3 उपभोक्ता संरक्षण हेतु सरकार के प्रयासों को स्पष्ट कीजिये?

प्र.4 'लोगो' किसी उपभोकता हेतु किस प्रकार महत्वपूर्ण हैं?

प्र.5 किन कारणों की वजह से उपभोक्ता का शोषण होता है?

प्र.6 उपभोक्ता के रूप में अपने कर्त्तव्य लिखिये।

निबन्धात्मक प्रश्न –

प्र.1 भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की प्रगति की समीक्षा कीजिये।

प्र.2 उपभोक्ता अपनी एक जुटता का प्रदर्शन कैसे कर सकते हैं?

प्र.3 भारत में उपभोक्ता को समर्थ बनाने के लिये सरकार द्वारा किन कानूनी मापदण्डों को लागू करना चाहिये?

माध्यमिक परीक्षा–2024

नमूना प्रश्न पत्र

विषय – सामाजिक विज्ञान

कक्षा –Xth

समय –3¼ घण्टे **पूर्णांक –80**

परीक्षार्थियों के लिये सामान्य निर्देश :–

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यत लिखें।
2. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
3. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड है, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
4. प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तर में किसी प्रकार की त्रुटि/अन्तर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें।

खण्ड – 'अ' [SECTION-A]

प्र.1 बहुविकल्पी प्रश्न –

निम्न प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

(i) किस व्यक्ति का संबंध इटली के एकीकरण से नहीं है?

(A) ज्यूसेपे मेत्सिनी (B) गैरीबाल्डी (C) मेटरनिख (D) काबूर ( )

(ii) निम्नलिखित में से कौनसा असंगत है –

(A) आस्ट्रिया–हंगरी–हेप्सबर्ग वंश (B) फ्रांस–बूर्बो वंश

(C) तुर्की आटोमन साम्राज्य (D) उपर्युक्त सभी सही है ( )

(iii) अली बंधुओं का (मोहम्मद अली व शौकत अली) का संबंध मुख्यतः किस आन्दोलन से है?

(A) खिलाफत आन्दोलन (B) भारत छोड़ो आन्दोलन

(C) आजाद हिन्द फौज (D) रोलेट सत्याग्रह ( )

(iv) बर्लिन सम्मेलन कब हुआ, जिसमें अफ्रीका के विभाजन का नक्शा तैयार हुआ?

(A) 1885 (B) 1858 (C) 1862 (D) 1898 ( )

(v) 19वीं शताब्दी में आये परिवर्तनों का आधार है –

(A) रेल्वे (B) भाप के जहाज (C) टेलीग्राफ (D) उपर्युक्त सभी ( )

(vi) नवीकरण योग्य सांधन है –

(A) पवन ऊर्जा (B) जल (C) वन (D) उपर्युक्त सभी ( )

(vii) चिपको आन्दोलन से जुड़े हुये पर्यावरण विद् है?

(A) सुन्दर लाल बडुगुणा (B) राजेन्द्र सिंह

(C) अमृता देवी विश्नोई (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

(viii) निम्न में से किस फसल को सुनहरा रेशा कहा जाता है?

(A) गेहूँ (B) जूट (C) कपास (D) चाय ( )

(ix) श्रीलंका में तमिल ईलम का प्रभाव किस क्षेत्र में सर्वाधिक है?

(A) उ.पू. श्रीलंका (B) द.पू. श्रीलंका (C) द.प. श्रीलंका (D) द. श्रीलंका ( )

(x) संविधान में कितनी भाषाओं को अनुसूचित भाषा का दर्जा दिया गया है?

(A) 18 (B) 21 (C) 20 (D) 22 ( )

(xi) प्रति व्यक्ति आय है –

(A) <u>देश की कुल आय</u> (B) <u>कुल जनसंख्या</u>
कुल जनसंख्या देश की कुल आय

(C) <u>सकल घरेलू उत्पाद</u> (D) <u>कुल जनसंख्या</u>
कुल जनसंख्या सकल घरेलू उत्पाद ( )

(xii) भारत में वन्यजीव अधिनियम किस वर्ष लागू किया गया?

(A) 1972 ई. में (B) 1974 ई. में (C) 1973 ई. में (D) 1998 ई. में ( )

(xiii) निम्नलिखित में से सड़क परिवहन का प्रकार है –

(A) बस (B) रेल (C) हवाई जहाज (D) जलयान ( )

(xiv) कौनसा विकल्प 'सेवा क्षेत्रक' को व्यक्त नहीं करता है –

(A) डेयरी उत्पादन (B) परिवहन (C) भण्डारण (D) संचार ( )

(xv) उधार देने का नवीनतम विकसित स्त्रोत है –

(A) निजी बैंक (B) स्व्यं सहायता समूह

(C) ग्रामीण बैंक (D) व्यावसायिक बैंक ( )

बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर :–i. (C), ii. (D), iii. (A), iv. (A), v. (D), vi. (D), vii. (C), viii. (B), ix. (A), x. (D), xi. (A), xii. (A), xiii. (A), xiv. (A), xv. (B)

प्र.2 <u>रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –</u>

(i) जून 1992 में ब्राजील के ..... शहर में प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय पृथ्वी सम्मेलन का आयोजन हुआ था। (रियो डी जनेरियो)

(ii) ..... केन्द्र सरकार की ओर से करेंसी नोट जारी करता है। (रिजर्व बैंक)

(iii) बांग्लादेश ग्रामीण बैंक के संस्थापक एवं 2006 में शांति के लिये नोबल पुरस्कार से सम्मानित ..... है। (प्रो. मोहम्मद युनूस)

(iv) प्रथम विश्वयुद्ध सन् ..... ई. में प्रारम्भ हुआ। (1914)

(v) असहयोग आन्दोलन जनवरी ..... में प्रारम्भ हुआ। (1921)

(vi) ग्रामीण क्षेत्र हेतु ..... क्यों महत्वपूर्ण है। (कृषि)

(vii) ग्राम पंचायत का मुखिया ..... कहलाता है। (सरपंच)

प्र.3 <u>अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न– प्रश्न के उत्तर एक शब्द/एक पंक्ति में दो।</u>

(i) 'गिरमिटिया' मजदूर किसे कहते हैं?

(ii) वैश्वीकरण से आप क्या समझते हैं?

(iii) विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है।

(iv) विश्व का सबसे अधिक वर्षा वाला स्थान कौनसा है?

(v) रोपण कृषि से आप क्या समझते हैं?

(vi) भारतीय मुद्रा का क्या नाम है?

(vii) सरकार के कितने अंग होते हैं?

(viii) विमुद्रीकरण से आप क्या समझते हैं?

(ix) उदारीकरण से आप क्या समझते हैं?

(x) हमारे देश के सबसे बडे बैंक का नाम क्या है?

<u>खण्ड – 'ब' [SECTION-B]</u>

<u>लघुत्तरात्मक प्रश्न– उत्तर शब्द सीमा लगभग 50 शब्द</u>

प्र.4 बिस्मार्क के बारे में आप क्या जानते हैं?

प्र.5 'पूना पैक्ट' कब व किनके मध्य हुआ था?

प्र.6 महामंदी के दो कारण लिखिये।

प्र.7 नवीकरण और अनवीकरण संसाधनों में अन्तर लिखो।

प्र.8 जैव विविधता क्या है?

प्र.9 वाणिज्यिक कृषि के प्रमुख विशेषता लिखिये।

प्र.10 उपभोक्ता किसे कहते हैं? उपभोक्ता के दो कर्त्तव्य लिखिए।

प्र.11 गठबन्धन सरकार से आप क्या समझते हैं?

प्र.12 जैव संसाधन व अजैव संसाधन में क्या अन्तर हैं?

प्र.13 वैश्वीकरण व विदेशी निवेश को आकर्षित करने हेतु भारत सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं?

प्र.14 धर्म निरपेक्ष राज्य से आप क्या समझते हैं?

प्र.15 खरीफ व रबी की फसलों में क्या अन्तर हैं?

खण्ड – 'स' [SECTION-C]

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न : उत्तर शब्द सीमा लगभग 100 शब्द

प्र.16 औद्योगिकीकरण से यूरोप में क्या परिवर्तन आये? राष्ट्रवाद के सन्दर्भ में इसे स्पष्ट कीजिये।

अथवा

जर्मनी और इटली के एकीकरण की प्रक्रिया समझाइये।

प्र.17 बहुउद्देश्य नदी परियोजनाओं से आप क्या समझते हैं?

अथवा

वर्तमान में जल संरक्षण की आवश्यकता क्यों हैं?

प्र.18 भारत में लैंगिक मसलें क्या है? इसके सुधार हेतु आवश्यक सुझाव दीजिये।

अथवा

भारत में महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व की प्रगति की समीक्षा कीजिये।

प्र.19 संघीय व्यवस्था की महत्वपूर्ण विशेषतायें लिखिये।

अथवा

प्रजातंत्र में सरकार जनता के प्रति क्यों उत्तरदायी होती है? विवेचना कीजिये।

खण्ड – 'द' [SECTION-D]

निबन्धात्मक प्रश्न : प्रश्न 20 से 22 (उत्तर शब्द सीमा 250 शब्द)

प्र.20 भारत में राष्ट्रवाद के प्रसार में सांस्कृतिक कारकों की पहचान कीजिये।

अथवा

सविनय अवज्ञा आन्दोलन की उपलब्धियों व सीमाओं की विवेचना कीजिये।

प्र.21 परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतों के नाम लिखिये एवं किसी एक का वर्णन कीजिये।

अथवा

भारत में प्रमुख गैर परम्परागत शक्ति के साधन कौन–कौनसे है? वर्णन कीजिये।

प्र.22 दिये गये भारत के रेखा मानचित्र में निम्नांकित को अंकित कीजिये –

(अ) रावत भाटा (ब) नरोरा (स) कलपक्कम (द) तारापुर

अथवा

दिये गये भारत के रेखा मानचित्र में निम्नांकित को अंकित कीजिये –

(अ) दुर्ग (ब) नेल्लोर (स) अजमेर (द) गया

माध्यमिक परीक्षा – 2024

नमूना प्रश्न पत्र

विषय–सामाजिक विज्ञान

कक्षा –Xth

समय –3¼ घंटे **पूर्णांक – 80**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :–

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यत लिखें।
2. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
3. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
4. प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रुपान्तर में किसी प्रकार की त्रुटि/अन्तर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें।

खण्ड – 'अ' SECTION-A

प्र.1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न –

(i) 'नेपोलियन की संहिता' का निर्माण हुआ –

(अ) 1769 (ब) 1779 (स) 1804 (द) 1799 ( )

(ii) रोलेट एक्ट पारित हुआ –

(अ) 1917 (ब) 1919 (स) 1920 (द) 1922 ( )

(iii) हेनरी मॉर्टन स्टैनली कौन थे?

(अ) पत्रकार व खोजी (ब) इंजिनियर (स) डॉक्टर (द) वैज्ञानिक ( )

(iv) बंगाल में पहली जूट मिल स्थापित हुई।

(अ) 1854 (ब) 1865 (स) 1815 (द) 1855 ( )

(v) जापान की सबसे पुरानी पुस्तक 'डायमंड सूत्र' छपी थी

(अ) 1018 (ब) 908 (स) 968 (द) 868 ( )

(vi) ज्वारीय ऊर्जा किस प्रकार का संसाधन है?

(अ) अजैव (ब) मानवकृत (स) अचक्रीय (द) पुनः पूर्तियोग्य ( )

(vii) भारत में वन्य जीव अधिनियम किस वर्ष लागू हुआ ?

(अ) 1972 ई. में (ब) 1948 ई. में (स) 1998 ई. में (द) 1973 ई. में ( )

(viii) निम्नलिखित में से स्थल परिवहन का प्रकार है–

(अ) सड़क परिवहन (ब) रेल परिवहन

(स) पाईप लाईन परिवहन (द) समुद्री परिवहन ( )

(ix) श्रीलंका में किस सामाजिक समूह की आबादी अधिक है?

(अ) श्रीलंकाई तमिल (ब) भारतवंशी तमिल (स) सिंहली (द) मुस्लिम ( )

(x) ''शिक्षा'' किस सूची से सम्बन्धित विषय है?

(अ) राज्य सूची (ब) समवर्ती सूची (स) संघ सूची (द) इनमें से कोई नहीं ( )

(xi) 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का लिंगानुपात है–

(अ) 919 (ब) 939 (स) 929 (द) 943 ( )

(xii) राजनीतिक दलों का पंजीकरण और मान्यता कौन प्रदान करता है?

(अ) राष्ट्रपति (ब) संघ लोक सेवा आयोग

(स) संसद (द) भारत निर्वाचन आयोग ( )

(xiii) निम्न में से कौनसी खरीफ की फसल है–

(अ) कपास (ब) चावल (स) चना (द) इनमें से कोई नहीं ( )

(xiv) बैंकों के ऋणों के औपचारिक स्त्रोतों की कार्य प्रणाली पर नियंत्रण करता है–

(अ) स्वयं सहायता समूह (ब) सहकारी समितियां

(स) राज्य सरकारे (द) भारतीय रिजर्व बैंक ( )

(xv) कौनसी भारतीय कम्पनी नहीं है–

(अ) रैन बैक्सी (ब) इंफोसिस (स) टाटा मोटर्स (द) करगिल फूडस ( )

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर :–i. (स), ii. (ब), iii. (अ), iv. (द), v. (द), vi. (द), vii. (अ), viii. (.....), ix. (स), x. (ब), xi. (अ), xii. (द), xiii. (अ), xiv. (द), xv. (द)

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–

(i) भारत ..... को सूत निर्यात करता है। (जापान)

(ii) ..... भारत का सबसे बड़ा मैग्नीज उत्पादक राज्य है। (ओडिसा)

(iii) पार्टियाँ देश के कानून निर्माण में ..... भूमिका निभाती है। (महत्वपूर्ण)

(iv) भारत में प्रिटिंग प्रेस सर्वप्रथम ..... में पुर्तगाली धर्म प्रचारकों के साथ आया। (गोवा)

(v) आयात पर कर ..... का एक उदाहरण है। (व्यापार अवरोधक)

(vi) लोकतांत्रिक सरकारे सदा नागरिकों के ..... का सम्मान नहीं करती। (अधिकारों का)

(iv) ..... में वर्षा जल अगली वर्षा ऋतु तक संग्रहित किया जा सकता है। (टांका)

प्र.3 अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

(i) मांग जमा क्या होती है?

(ii) भारत के किन्ही चार प्रारंभिक उद्योगपतियों के नाम लिखिये।

(iii) भारत का प्रथम लौह व इस्पात संयन्त्र कहाँ स्थापित किया गया था।

(iv) राज्य सूची में कौनसे विषय आते हैं?

(v) हमारे देश में कितने राष्ट्रीय दल है?

(vi) जल प्रदूषण के क्या कारण है? लिखिए।

(vii) विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?

(viii) भारत की किन्ही तीन बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के नाम लिखिए।

(ix) बेगार से आप क्या समझते हैं?

(x) सेवा क्षेत्र के चार उराहरण दीजिए।

खण्ड– 'ब' (SECTION-B)

लघुत्तरात्मक प्रश्नः (उत्तर शब्द सीमा लगभग 50 शब्द)

4. साइमन कमीशन में कितने सदस्य थे? भारत में इसका विरोध क्यों हुआ?
5. हस्तलिखित पाण्डुलिपियों की क्या कमियाँ थी?
6. वैद्य सरकार किसे माना जाता है?
7. साम्प्रदायिकता से आप क्या समझते हैं?
8. जनमत निर्माण से आप क्या समझते हैं?
9. तानाशाही और लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में क्या अन्तर है?
10. नवीकरणीय व गैरनवीकरणीय साधनों में क्या अन्तर है? उदाहरण सहित स्पस्ट कीजिए।
11. किन कारणों ने वैश्वीकरण को सुगमता प्रदान की है? स्पष्ट कीजिए।
12. उपभोक्ता संरक्षण हेतु सरकार के प्रयासों को स्पष्ट कीजिए।
13. ताम्बा खनिज के कोई दो उपयोग लिखो।
14. बहुदलीय व्यवस्था से आप क्या समझते है?
15. बहुउद्देशीय परियोजनाओं को स्पष्ट कीजिए।

खण्ड – 'स' (SECTION-C)

दीर्घ उत्तरीय प्रश्नः (उत्तर शब्द सीमा लगभग 100 शब्द)

16. गेहूं की खेती के लिए उपयुक्त भौगोलिक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए।

अथवा

गहन जीविका कृषि को समझाते हुए इसकी प्रमुख समस्याएँ बताइये।

17. उपनिवेशवाद से औपनिवेशिक समाज अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ा? विवेचना कीजिए।

अथवा

'रिंडरपेस्ट' क्या है। अफ्रीका महाद्वीप की अर्थव्यवस्था को इसने किस प्रकार प्रभावित किया? विवेचना कीजिए।

18. भारत में केन्द्र – राज्य संबंधों में आये बदलावों पर अपने विचार लिखिए।

अथवा

संघीय और एकात्मक शासन व्यवस्था में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

19. भारत में रोजगार के विभिन्न क्षेत्रक उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। इन क्षेत्रों को रोजगार सृजन की स्थिति बताते हुए अतिरिक्त रोजगार सृजन के उपाय सुझाइये।

अथवा

सार्वजनिक क्षेत्रक और निजी क्षेत्रक में अन्तर स्पष्ट कीजिए?

खण्ड – 'द' (SECTION-D)

निबन्धात्मक प्रश्न–

20. भारत में 'ऋण'स्त्रोतों का उल्लेख करते हुए स्पष्ट कीजिए कि इन स्त्रोतों के साथ किस प्रकार की समस्याएँ जुड़ी हुई है? समाधान सुझाइये।

अथवा

टिप्पणी लिखिए :–

(i) भारत में 'ऋण' व्यवस्था में क्या समस्याएँ है।

(ii) मुद्रा के कार्य।

21. यूरोप में राष्ट्रवाद में सहायक प्रमुख कारकों को स्पष्ट कीजिए?

अथवा

'राष्ट्रवाद' से क्या अभिप्रायः है? यूरोप में राष्ट्रवाद के उद्‌भव व विकास के दौरान अपनाये गये प्रतीकों का संक्षिप्त उल्लेख कीजिए।

22. दिये गये भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कीजिए।

(A) भिलाई (B) बोकारो (C) दुर्गापुर (D) कानपुर

अथवा

दिये गये भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित स्थलों को अंकित कीजिए।

(A) रावतभाटा (B) गोवा (C) नासिक (D) अजमेर

।। सतत् अभ्यास से सुदृढ़ अधिगम की ओर बढ़े ।।

केवल कुछ प्रश्नों के आधार पर पढ़ाई करने से भविष्य उज्ज्वल नहीं होता है। अतः ज्ञान पर ध्यान केन्द्रित करें।



राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

द्वितीय एवं तृतीय तल, ब्लॉक-5, डॉ. राधाकृष्णन शिक्षा संकूल परिसर

जवाहर लाल नेरू मार्ग, जयपुर (राजस्थान)